CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

वर्ष- 43 | अंक -87 | राजनांदगांव, सोमवार 12 फरवरी 2024 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## राज्यसभा: यूपी समेत 15 राज्यों की 56 सीटों पर 27 फरवरी को चुनाव; एनडीए को छह सीटों पर बढ़त मिलना तय

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने 15 राज्यों की 56 राज्यसभा सीटों पर चुनाव कार्यक्रम जारी कर दिया है। इनमें सबसे अधिक 10 सीटें उत्तर प्रदेश की हैं। इन सीटों पर 27 फरवरी को मतदान होगा, उसी दिन नतीजे आएंगे। नामांकन 8 फरवरी को शुरू होगा। परचा दाखिल करने की अंतिम तिथि 15 फरवरी है। परचों की जांच की 16 को होगी और प्रत्याशी 20 तक नाम वापस ले सकेंगे।

राज्यसभा के 50 सदस्यों का कार्यकाल दो अप्रैल व छह का तीन अप्रैल को खत्म होगा। इनमें यूपी की दस सीटों के अलावा महाराष्ट्र-बिहार की 6-6 व मध्य प्रदेश-प.बंगाल की 5-5 सीटें हैं। कर्नाटक-गुजरात में 4-4 सीटों व ओडिशा, तेलंगाना, आंध्रप्रदेश, राजस्थान में 3-3 सीटों पर चुनाव होगा। उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और छत्तीसगढ़ की भी 1-1 सीट शामिल हैं। छत्तीसगढ़ में वर्तमान में सरोज पांडे राज्यसभा सदस्य है। छग में भाजपा ने राजा देवेन्द्र प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है।

### यूपी में भाजपा को सात, सपा को दो सीटें तय

यूपी में भाजपा को सात सीटें मिलना तय है। सपा की दो सीटें भी तय हैं। आरएलडी की मदद से वह तीसरी सीट जीत सकती है। अभी राज्यसभा में एनडीए के 114 सदस्य हैं जिनमें 93 भाजपा के हैं।



### एनडीए को छह सीटों पर बढ़त मिलना तय

राज्यसभा की 56 सीटों पर चुनाव के बाद भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को छह सीटों की बढ़त मिलने की उम्मीद है। वर्तमान में राज्यसभा में एनडीए के 114 सदस्य हैं जिनमें भाजपा के 93 सदस्य शामिल हैं। कांग्रेस 30 सदस्यों के साथ उच्च सदन में दूसरी सबसे बड़ी पार्टी है और उसे 27 फरवरी को होने वाले चुनाव में दो सीटों का फायदा होने की उम्मीद है। हिमाचल प्रदेश में, कांग्रेस को भाजपा से सीट मिलने की संभावना है। वर्तमान में यह सीट भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा के पास है। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक, राज्य पार्टी नेतृत्व अपनी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा को हिमाचल से उतारने वाली है। प्रदेश में सत्तारूढ़ होने के चलते प्रियंका का यहां से जीतना तय है। राज्यसभा में वापसी के लिए नड्डा को अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के बाहर से मैदान में उतरना होगा। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### मनमोहन व भूपेंद्र की सीट होगी खाली

जिन दिग्गजों का कार्यकाल पूरा हो रहा है, उनमें पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, धर्मेंद्र प्रधान, भूपेंद्र यादव, वी मुरलीधरन, पुरुषोत्तम रूपाला, नारायण राणे और मनसुख मांडविया शामिल हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर का भी कार्यकाल पूरा होगा। भाजपा के अनिल बलूनी, बीजद के प्रशांत नंदा व अमर पटनायक, कांग्रेस के नारनभाई राठवा व अमी याग्निक का भी कार्यकाल पूरा हो रहा है। यूपी से भाजपा सदस्य अनिल अग्रवाल, अशोक वाजपेयी, अनिल जैन, कांता कर्दम, सकलदीप राजभर, जीवीएल नरसिम्हा राव, विजयपाल तोमर, सुधांशु त्रिवेदी और हरनाथ सिंह यादव और सपा सदस्य जया बच्चन का कार्यकाल पूरा हो रहा है।

## पार्टी की बैठक में शामिल नहीं हुए जेडीयू के चार विधायक, नीतीश कुमार ने कहा- सोमवार को सदन में दिखाएं सक्रियता

पटना। जदयू के वरिष्ठ नेता व मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर विधायक दल की बैठक हुई। रविवार देर शाम हुई बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी शामिल हुए। उन्होंने विधायकों से कहा कि हम विधानसभा में फ्लोर टेस्ट में पूर्ण बहुमत हासिल करेंगे। इस बैठक में जदयू के चार विधायक नहीं पहुंचे, इसलिए इसकी चर्चा भी बहुत हो रही है। बैठक में जदयू के चार विधायक डॉ. संजीव, बीमा भारती, दिलीप राय और सुदर्शन नहीं पहुंचे। विजय चौधरी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि सभी विधायकों ने अपने न आने का कारण पहले ही बता दिया था। वह पार्टी के समर्थन में फ्लोर टेस्ट के समय मौजूद रहेंगे।



### हमने कभी नहीं किया परिवारवाद

जदयू की विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री ने परिवारवाद का मुद्दा उठाकर राजद पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि हमारे पास सत्ता रही, लेकिन उसका इस्तेमाल परिवार के लिए न कर विकास के लिए किया। कुछ लोग परिवार से ऊपर कभी भी सोच नहीं पाए। उनको जब भी मौका मिला तो परिवार के ही बारे में सोचा। हमारे विकास ही सबसे जरूरी रहा है। आज बिहार में कोई यह नहीं बोल सकता है कि उनके लिए हमारी सरकार ने कुछ नहीं किया है।

मुख्यमंत्री ने एनडीए के साथ जाने को लेकर विधायकों से बात की। उन्होंने कहा कि राजद के साथ काम करना बहुत मुश्किल हो रहा था। वह ऐसे काम कर रहे थे कि उनके साथ संभव नहीं था। उनके कामों के बारे में विस्तार से लोकसभा चुनाव में जनता के सामने बात करेंगे। सभी की सहमति थी, इसलिए एनडीए के साथ जाना ठीक समझा। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोग फ्लोर टेस्ट के समय सदन में मौजूद रहें। आपकी पूरी मुस्तैदी सदन में दिखनी चाहिए।

### मनोज झा ने स्पीकर हटाने को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आदेश दिलाया याद

मनोज झा ने स्पीकर को हटाने पर एनडीए की सरकार पर प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार स्पीकर को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाई है। यह पूरी तरह से गलत है। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुसार कम से कम 122 सदस्यों का समर्थन होना चाहिए। आप तभी स्पीकर को हटा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं बिहार सरकार से केवल निवेदन ही कर सकता हूं कि कोई भी निर्णय लेने से पहले सुप्रीम कोर्ट के आदेश का जरूर पालन करें।

## देश में नफरत एवं हिंसा भाजपा एवं मोदी सरकार की देन - राहुल गांधी

रायगढ़। वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने देश में नफरत एवं हिंसा के लिए भाजपा एवं मोदी सरकार को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि नफरत एवं हिंसा फैलाने वाले देश के हितैषी नही हो सकते। श्री गांधी ने आज यहां जन नायक चौक में लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोलते हुए कहा कि आज जो भी देश में हिंसा फैल रही है उसकी वजह भाजपा और नरेंद्र मोदी की सरकार है। देश के लोगों के साथ अन्याय किया जा रहा है। मणिपुर में दो समुदाय को आपस में हिंसा में झोंक दिया। मणिपुर जल रहा है, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी वहां नहीं गए। मुझे भी वहां से जाने से रोका गया।



उन्होने कहा की देश के किसान, गरीब, पिछड़े वर्ग, आदिवासी, दलितों महिलाओं के साथ अन्याय किया जा रहा है। वह अन्याय आर्थिक और सामाजिक रूप में की जा रही है। देश में अन्याय का बीज बोकर नफरत और हिंसा फैलाई जा रही है। सभा के दौरान उन्होंने पास में बैठाए गए बच्चो से पूछा की आप अन्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हो या न्याय वाले हिंदुस्तान में रहना चाहते हो इस पर बच्चे समेत भीड़ ने कहा न्याय के हिंदुस्तान में रहना चाहते हैं। साथ बैठी बच्ची ने कहा की भारत में इसलिए रहना चाहती हूं कि मुझे अपने देश से बहुत प्यार है। बच्ची की बात पर श्री गांधी ने कहा कि जो बात देश के प्रधानमंत्री को समझ आई वो बात इस बच्ची ने दो लाइन में कह दिया। उन्होंने कहा की जो देश में नफरत फैलाते हैं वो देश प्रेमी नहीं होते है। श्री गांधी ने नरेंद्र मोदी पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा की पहले हिंदुस्तान के इतिहास में कभी नहीं हुआ होगा जो प्रधानमंत्री मोदी ने किया है जिन युवाओं ने पांच साल मेहनत कर पसीना बहाया उन्हें सेना में नौकरी नहीं दी। एक लाख 50 हजार युवा भटक रहे हैं सेना में उनकी भर्ती हो गई थी बाद में उनकी भर्ती रद्द कर दी गई और कहा गया हम नहीं लेंगे। हिंदुस्तान के इतिहास में यह पहली बार हुआ। नियुक्ति हो जाने के बाद भी उन्हें नहीं लिया गया।

श्री गांधी ने कहा कि पहले आर्मी में जाने पर आर्मी उसकी और उसके परिवार की रक्षा करता था अब मोदी जी अग्नि वीर बना रहे हैं जिसकी कोई सुरक्षा नहीं है और चार साल के बाद चार में से एक को आर्मी में लिया जाएगा और बाकि को कोई सुरक्षा नहीं। अग्निवीर बॉर्डर पर लड़ते हुए अगर गोली लग जाने से शहीद हो जाता है तो उसे शहीद का दर्जा नहीं दिया जाएगा। पहले आर्मी में डिफेंस की फैक्ट्री से बनी राइफल बंदूके खरीदी जाती थी अब सारा हथियार देने अडानी को ठेका दे दिया गया है। देश की रक्षा में जिन भी हथियारों और उपकरणों की जरूरत होती है उसे एक एक कर अडानी जी कंपनी को दे दिया गया। देश का सब कुछ एक व्यक्ति अडानी को दे दिया जा रहा है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## रामलला के दर्शन करने अयोध्या पहुंचे यूपी के विधायक, राम मंदिर में की पूजा-अर्चना

अयोध्या। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, विधानसभा और विधान परिषद के सभी सदस्य आज भगवान रामलला के दर्शन करने के लिए आए हैं. भगवान राम सबकी मनोकामना पूरी करें.



उत्तर प्रदेश के विधायक रविवार दोपहर करीब 12 बजे अयोध्या पहुंचे और राम मंदिर में पूजा-अर्चना की. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विधायकों के मंदिर दौरे में शामिल होने के लिए पुणे से पहुंचे. विधायकों को लाने वाली दस बसें एक निर्दिष्ट प्रवेश बिंदु के माध्यम से मंदिर परिसर के अंदर चली गईं और चंपत राय सहित मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने विधायकों तथा विधान पार्षदों का स्वागत किया. दिलचस्प बात यह है कि कांग्रेस और बसपा विधायक भी उस यात्रा का हिस्सा थे, जिससे समाजवादी पार्टी दूर रही. विधायक एक घंटे से अधिक समय तक मंदिर परिसर में रहे. जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, विधायक एक घंटे से अधिक समय तक मंदिर परिसर में रहे. जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, यह सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान रखा गया है कि वीआईपी यात्रा के कारण तीर्थयात्रियों को कोई असुविधा न हो. वीआईपी दर्शनार्थियों को पूरे मंदिर परिसर का भ्रमण कराया गया.

हालांकि, मंदिर में भारी भीड़ के कारण विधायक हनुमान गढ़ी में पूजा-अर्चना नहीं कर सके. इसके बाद में, विधायकों ने दोपहर के भोजन के लिए विशेष रूप से तैयार 'भोग प्रसाद' खाया. इससे पहले, विधायकों का अयोध्या जाने पर जोरदार स्वागत किया गया और 'जय श्री राम' के उद्घोष के साथ उनका स्वागत किया गया. कई स्थानों पर लोगों ने विधायकों पर फूलों की वर्षा की.

## अरविंद केजरीवाल बोले- पंजाब व दिल्ली की सभी लोकसभा सीट जीतेंगे, खत्म होने की कगार पर I.N.D.I.A. गठबंधन



पंजाब। पंजाब के खन्ना में सभा को संबोधित करते हुए आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह पंजाब और दिल्ली की सभी लोकसभा सीटें जीतेंगे। उनके इस बयान के बाद इंडी गठबंधन पंजाब व दिल्ली में टूटने की कगार पर आ गया है। दरअसल, पंजाब व दिल्ली में कांग्रेस व आम आदमी पार्टी सीट शेयरिंग को लेकर लगातार बैठक कर रही थी। दोनों ही पार्टी के नेताओं का कहना था कि सकारात्मक माहौल में बातचीत चल रही है, लेकिन अब केजरीवाल के बयान से लगता है कि दोनों दलों के बीच सबकुछ ठीक नहीं है।

आप के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि बीजेपी डरी हुई है कि अगर आप इतनी मेहनत करेगी तो हमारा जीतना तय हो जाएगा। हम दिल्ली में सभी 7 लोकसभा सीटें जीतेंगे। मुझे यकीन है कि पंजाब के लोग हमें पंजाब की सभी 13 सीटें देकर ऐतिहासिक जनादेश देंगे। भाजपा केवल एक पार्टी आप से डरती है।

## भाजपा ने राज्यसभा उम्मीदवारों का किया ऐलान, सुशील मोदी, सरोज पाडे का पत्ता कटा, मांझी का भी नाम नहीं

नई दिल्ली। बीजेपी ने आगामी राज्यसभा चुनावों के लिए बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल से अपने 14 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है. पार्टी ने उत्तर प्रदेश से सुधांशु त्रिवेदी और आरपीएन सिंह को कैंडिडेट बनाया है, बता दें कि यूपी से कुल 7 कैंडिडेट्स के नामों का ऐलान किया गया है. वहीं, हरियाणा से सुभाष बराला को पार्टी ने उम्मीदवार घोषित किया है.



राज्यसभा के लिए बीजेपी ने बिहार से डॉ. धर्मशीला गुप्ता और भीम सिंह को उम्मीदवार बनाया है. भीम सिंह अति पिछड़ा समाज से आते हैं. जबकि डॉ. धर्मशीला गुप्ता वैश्य समाज से हैं. राज्यसभा के लिए जीतनराम मांझी का पत्ता साफ हो गया है. इसके साथ ही सुशील मोदी का नाम भी लिस्ट में नहीं है. एनडीए की तीन सीटों में से 2 पर बीजेपी ने अपने उम्मीदवार उतारे हैं. जबकि एक सीट पर जेडीयू के नेता संजय झा राज्यसभा जा सकते हैं.

बीजेपी ने यूपी से आरपीएन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, चौधरी तेजवीर सिंह, साधना सिंह, अमरपाल मौर्य, संगीता बलवंत, नवीन जैन के नाम का ऐलान किया है. जबकि पश्चिम बंगाल से सामिक भट्टाचार्य, उत्तराखंड से महेंद्र भट्ट, कर्नाटक से नारायणा कृष्णासा भांडगे और छत्तीसगढ़ से देवेंद्र प्रताप सिंह को कैंडिडेट बनाया गया है.

## महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ स्थायी वारंट जारी, दोनों के घर पर कुर्की का नोटिस चस्पा

भिलाई। आनलाइन सट्टा एप महादेव बुक के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के खिलाफ अब न्यायालय ने भी स्थायी वारंट जारी कर दिया है। इसका मतलब ये है कि दोनों आरोपित का जब भी कोई पुख्ता सुराग मिलता है, तब उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा ही जाएगा।



स्थायी वारंट जारी होने के बाद ये दोनों आरोपित अब पुलिस के लिए मोस्ट वांटेड हो गए हैं। इधर रायपुर पुलिस ने कोर्ट के आदेश के बाद सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के घर के कुर्की का आदेश चस्पा कर दिया है। बता दें कि इसके पहले दुर्ग रेंज के आइजी राम गोपाल गर्ग और एसपी जितेंद्र शुक्ला ने आरोपित सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल पर इनाम घोषित किया है। आइजी ने 25 हजार और एसपी 10 हजार रुपये के इनाम की घोषणा की है। दोनों अधिकारियों द्वारा इनाम घोषित किए जाने के बाद अब न्यायालय ने भी दोनों आरोपितों के खिलाफ स्थायी वारंट जारी कर दिया है। इसके बाद अब पुलिस ने इनकी पतासाजी के लिए अपनी कार्रवाई शुरू की है। आम चर्चाओं में दोनों आरोपितों के (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### रवि उप्पल के दुबई में गिरफ्तार होने की उड़ी थी खबर

महादेव बुक प्रमोटर रवि उप्पल के बारे में कुछ दिन पहले एक खबर उड़ी थी कि उसे दुबई में गिरफ्तार कर लिया गया है और जल्द ही उसे भारत लाया जाएगा, लेकिन समय के साथ-साथ इस खबर पर अफवाह होने की परत जमती गई। रवि उप्पल की तरह ही सौरभ चंद्राकर के बारे में भी अफवाह उड़ी थी कि उसे श्रीलंका में गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन वह भी महज एक अफवाह ही साबित हुआ।

## छत्तीसगढ़ में मोदी गारंटी के 12 बड़े वादे 70 दिन में ही पूरे, लोकसभा चुनाव में भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा बनेंगी ये योजनाएं

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की करीब सवा दो महीने की सरकार ने अपने संकल्प पत्र (घोषणा पत्र) में उल्लेखित की गई 20 में से 12 मोदी की गारंटी पर मुहर लगा दी है। आठ पर काम करना बाकी है। साय सरकार के बजट 2024-25 में मोदी की गारंटी आधारित नई योजनाएं शुरू करने की घोषणा की है।

कुछ योजनाएं शुरू भी हो चुकी हैं। कुछ होनी बाकी है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधानसभा चुनाव में महतारी वंदन योजना, कृषक उन्नति योजना जैसी बड़ी घोषणाएं करके कांग्रेस को सत्ता से बेदखल किया था। प्रदेश की 90 में से 54 सीटों पर भाजपा, 35 पर कांग्रेस और एक सीट पर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी की जीत हुई थी। तीन दिसंबर 2023 को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शपथ ली। अब लोकसभा चुनाव में भी ये योजनाएं भाजपा के लिए चुनावी मुद्दा होंगी। बतादें कि 70 दिन की सरकार में अब तक आठ कैबिनेट की बैठकें हो चुकी हैं।



### कृषक उन्नति योजना लागू करने का वादा

मंत्रिपरिषद की तीसरी बैठक में खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में समर्थन मूल्य पर प्रदेश के किसानों से प्रति एक? अधिकतम 21 क्विंटल धान खरीदी (लिंकिंग सहित) करने का निर्णय लिया गया है। बजट में किसानों को धान के प्रति क्विंटल 31,00 रुपये देने की योजना शुरू हो रही है। इसमें 24 लाख किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी, उन्हें खेती-किसानी करने में सहूलियत होगी।

### महतारी वंदन योजना में महिलाओं को हर माह एक हजार

एक मार्च से प्रदेश की 21 साल से ऊपर की महिलाओं को प्रति महीने एक हजार यानी 12 हजार रुपये सालाना मिलेंगे। इससे 60 लाख महिलाओं को आर्थिक संबल मिलेगा। मुख्यमंत्री साय ने अपनी कैबिनेट की सातवीं बैठक में यह निर्णय लिया था। बजट में भी प्रविधान किया।

### 18 लाख को आवास और निर्मल जल

साय सरकार ने पहली कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति दी। बजट में 18 लाख परिवारों के मकान के लिए पीएम आवास योजना के तहत आठ हजार 369 करोड़ का प्रविधान किया। बजट में हर घर निर्मल जल अभियान के तहत जल जीवन मिशन के लिए चार हजार 500 करोड़ का प्रावधान किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पाकिस्तान के चुनावी नतीजों के आंकड़े क्या कह रहे, सरकार बनाने में कौन होगा कामयाब?

नई दिल्ली। पाकिस्तान के नेशनल असेंबली के चुनाव तो हो गए हैं लेकिन देश के राजनीतिक भविष्य को लेकर अब तक स्थिति साफ नहीं हुई है. जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने अपने समर्थकों को एकजुट किया. उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के नेताओं ने निर्दलीय चुनाव लड़ा और 101 सीटें जीतने में कामयाब हो गए. लेकिन पाकिस्तान में अगली सरकार किसकी होगी, इसे लेकर अब तक अनिश्चितता बनी हुई है, क्योंकि कोई भी पार्टी सरकार बनाने के लिए जरूरी 133 सीटों के आंकड़े तक पहुंचने में सफल नहीं हुआ है.

चुनाव परिणाम से यह साफ हो गया है कि किसी भी पार्टी के बहुमत हासिल न कर पाने से पाकिस्तान में अब गठबंधन सरकार बनेगी. पार्टियां अपना बहुमत साबित करने के लिए गठबंधन बनाने की होड़ में जुटी हैं. जरूरी संख्या बल जुटाने के लिए अब हार्स ट्रेडिंग चल रही है. इस स्थिति में पीटीआई के सामने मुश्किलें बढ़ती दिख रही हैं. पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के प्रमुख पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी दोनों ही किसी भी कीमत पर इमरान खान को देश की सत्ता से दूर रखना चाहते हैं. यह दोनों नेता गठबंधन के लिए बातचीत कर रहे हैं, लेकिन इन दोनों के हाथ मिलाने के बावजूद वे बहुमत से 6 सीटें पीछे रह जाएंगे.



### भारी हो सकता है नवाज-बिलावल का पलड़ा

नवाज शरीफ और बिलावल भुट्टो यदि गठबंधन करते हैं तो उनका पलड़ा भारी हो सकता है. नवाज शरीफ की पीएमएल-एन को 73 सीटें और बिलावल भुट्टो की पार्टी पीपीपी को 54 सीटें मिली हैं. दोनों के गठबंधन करने पर सीटों की कुल संख्या 127 होगी. यह संख्या सरकार बनाने के लिए जरूरी 133 सीटों से 6 कम है. पाकिस्तान में गुरुवार को हुए नेशनल असेंबली के चुनाव में वोटिंग होने के 60 घंटे से अधिक समय बाद नतीजों का अंतिम आंकड़ा जारी किया गया. इस देरी को लेकर चुनाव प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं.

### नतीजों ने साबित की इमरान खान की लोकप्रियता

देश की गोपनीय जानकारी लीक करने से लेकर भ्रष्टाचार और गैरकानूनी शादी तक के आरोपों से घिरे इमरान खान जेल में हैं. भले ही वे जेल में रहने के दौरान किसी भी सरकार का हिस्सा नहीं बन सकते, लेकिन इसके बावजूद इस पूर्व क्रिकेटर के लाखों समर्थकों ने उनकी पार्टी के बतौर निर्दलीय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण की मोबाईल वेन चार दिनों तक रही शहर में

## शिविर के माध्यम से वार्डवासियों ने केन्द्र सरकार की योजनओं के बारे में भारी तादात में लाभ लेने ली जानकारी

## अंतिम दिन कन्हारपुरी में आयोजित शिविर में महिलाओं की रही भागीदारी

राजनांदगांव (दावा)। केन्द्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं की नागरिकों को जानकारी देने एवं लाभान्वित करने विकसित भारत संकल्प यात्रा के द्वितीय चरण के मोबाईल वेन चार दिनों तक शहर में रही। निगम सीमाक्षेत्र के चारों दिशाओं में नगर निगम द्वारा 7 शिविर आयोजित की गयी, जहॉ चल चित्र के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के संदेश को सुनाकर विकसित भारत के उद्देश्य की जानकारी दी गयी। अंतिम दिन कन्हारपुरी में आयोजित शिविर में केन्द्र सरकार की योजना का लाभ लेने महिलाओं मे उत्साह था। आज के शिविर का शुभारंभ नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, वरिष्ठ पार्षद शिव वर्मा सहित कन्हारपुरी के वरिष्ठ नागरिक आज्ञाराम हिरवानी, पूर्व पार्षद श्रीमती सुनीता साहू, पार्षद प्रतिनिधि अरूण दामले व जीवन चतुर्वेदी के अलावा सोहन साहू, नरेश साहू, दीपक निर्मलकर, दिनेश साहू की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर का शुभारंभ फीता काटकर छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर राजगीत के माध्यम से किया।

अतिथियों द्वारा सभी स्टालों का अवलोकन कर हितग्राहियों से केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने अपील की तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का सामान देकर बच्चों का अन्नप्राशन किया एवं स्वास्थ्य बालक व बालिका को पुरूस्कृत किया तथा अतिथियों ने योजनाओं के लाभार्थियों को चेक, आयुष्मान कार्ड, व प्रशस्ति पत्र का वितरण किया। शिविर में शक्ति वंदन कार्यक्रम अंतर्गत उत्कृष्ठ कार्य करने वाली महिला समूहों में राजलक्ष्मी शहर स्तरीय संघ लखोली, मॉ. सरस्वती क्षेत्रीय स्तरीय संघ कन्हारपुरी, मॉ कर्मा स्व-सहायता समूह कन्हारपुरी, चेस्टा स्व-सहायता समूह कन्हारपुरी एवं गंभीर स्व-सहायता समूह लखोली को शाल श्रीफल व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया, साथ ही प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के तहत आभा बचत साख समूह, जय मां संतोषी बचत साख समूह, शिवशक्ति स्व सहायता समूह एवं अभिलाषा स्व-सहायता समूह को स्वरोजगार के लिय बैकों द्वारा स्वीकृत ऋण का चेक वितरण किये।



शिविर में नेताप्रतिपक्ष श्री किशुन यदु ने अपने संबोधन में कहा कि नरेन्द्र मोदी जी पहले प्रधानमंत्री है जिन्होंने अब तक केन्द्र सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ हितग्राहियों को मिला की नहीं, मिला तो कितना लाभ मिला, यह जानने के लिये एवं जिन्हें लाभ नहीं मिला उन्हें लाभ देने विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ किये। उन्होंने कहा कि यात्रा शिविर में जिन्हे लाभ मिला वे अपना अनुभव साझा कर रहे है, जिन्हें नहीं मिला वे बड़ी संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर आवेदन ले रहे है। आज द्वितीय चरण का अंतिम शिविर है, मैं अधिकारियों से चाहुगा कि पहले चरण के शिविर एवं द्वितीय चरण के शिविर में कितने आवेदन आये, कितने का निराकरण हुआ, कितना निराकरण करना है, उसकी समीक्षा करे, और अतिशीघ्र हितग्राहियों को योजना का लाभ देवे। उन्होंने वार्डवासियों सहित शिविर में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों का शिविर के सफल संचालन के लिये आभार व्यक्त किया।

### योजनाओं की दी गई जानकारी

शिविर में लखोली क्षेत्र के तथा कन्हारपुरी के लगभग 12 सौ से अधिक लोग शिविर में एवं पोर्टर के माध्यम से जानकारी लिये और योजनओं का लाभ लेने पंजीयन कराया। प्रधानमंत्री स्व निधि योजना के लिये 7 लोगों ने पंजीयन कराया, आयुष्मान कार्ड के लिये 300 ने, आधार के लिये 2 ने, उज्जवला योजना के लिये 21 ने, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिये 25 ने, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिये 08 एवं महतारी वंदन योजना के लिये 80 लोगों ने पंजीयन कराया तथा सैकडों लोगों ने विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर आवेदन लिये। शिविर में लगभग 100 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराकर निःशुल्क दवा प्राप्त किया।

### मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से 06 लोगों ने किया अनुभव साझा

केन्द्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों ने मेरी कहानी मेरी जुबानी के पहल के तहत 06 लोगों ने अपने अनुभव साझा किये। जिनमें ज्योति साहू व रानी मसूमा ने प्रधानमंत्री सुरक्षिता मातृत्व योजना का लाभ लेकर, मंजू साहू ने सिकलसेल का निःशुल्क ईलाज कराकर तथा पुष्पा स्व सहायता समूह, तृप्ति स्व सहायता समूह व सृष्टि स्व सहायता समूह की महिलाओं ने प्रधानमंत्री स्व निधि योजनांतर्गत ऋण लेकर लाभ प्राप्त कर अपना अनुभव साझा कर सभी लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री माननीय नरेन्द्र मोदी जी का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि उनकी योजना का लाभ हम गरीबों को मिला जिससे हमारा जीवन सफल हुआ। इसके अलावा विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में ऑनलाईन क्विज में भी 79 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में नगर निगम के अलावा स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास, श्रम विभाग, सहित विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर योजनाओं की जानकारी दिये। आज के कन्हारपुरी में आयोजित अंतिम शिविर में श्री मनोहर यादव एवं उनकी टीम के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से शासन की योजनाओं की जानकारी दी गयी तथा उनकी टीम के श्री विकास जामुलकर ने हास्य व्यंग कर लोगों को बाधे रखा। अतिथियों ने मनोहर यादव की टीम को प्रसस्ति पत्र एवं साल व श्रीफल से सम्मानित किया तथा शिविर के सफल संचालन करने के लिये महापौर परिषद के सचिव श्री संजीव कुमार मिश्रा एवं शिविर के मिडिया कवरेज के लिये प्र.जनसम्पर्क अधिकारी श्री देवेन्द्र सोनी को साल, श्रीफल से सम्मानित किया गया।

शिविर के अंत में नोडल अधिकारी एवं प्र.कार्यपालन अभियंता श्री कामना सिंह यादव ने जनप्रतिनिधियों, नागरिकों, पार्षदों, पत्रकार बंधुओ तथा लाभार्थियों का आभार व्यक्त किया साथ ही सभी विभाग के अधिकारियों जिन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में अपनी सहभागिता दी उनका धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर में पार्षद, पूर्व पार्षद, अधिकारी कर्मचारी सहित लाभार्थी व वार्डवासी उपस्थित थे।

## पहला कॉलम...

### संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में फ्रेशर पार्टी




राजनांदगांव (दावा)। संस्कारसिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला, राजनांदगांव में 8 फरवरी, दिन-गुरूवार को डीएलएड प्रथम वर्ष में नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों को फ्रेशर पार्टी दी गई। जिसमें महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा नवप्रवेशित प्रशिक्षणार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए संबोधन दिया गया। तत्पश्चात अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के अंत में मिस-फ्रेशर मिनाक्षी और मिस्टर फ्रेशर संजय कुमार चुने गए।

### प्रदेश राव भाट समाज की बैठक संपन्न

राजनांदगांव (दावा)। छ.ग. प्रदेश रावभाट समाज जिला राजनांदगांव स्थान शंकरपूर शीतला मंदिर प्रांगण में 14 फरवरी बुधवार को बसंत पंचमी का सामाजिक कार्यक्रम रखा गया है। अतः राजनांदगांव शहर के स्वजातीय बंधु सादर अनुरोध अपनी उपस्थिथि प्रदान करें। अतः उक्त जानकारी सामाजिक कार्यकर्ता श्रवण कुमार भाट ने दी।

### पारीं में मानस मंथन महोत्सव 17 से

राजनांदगांव (दावा)। ऐतिहासिक मानस मंथन महोत्सव (सम्मेलन) 17, 18 फरवरी को ग्राम पारींकला में विगत 25 वर्षों के भांति इस वर्ष भी हमारे ग्राम में मानस सम्मेलन का आयोजन के ख्यति प्राप्त मंडलियों का आगमन होना है। जो श्री श्रद्धालु दान-दाता है वे पुरूषोत्तम साहू से संपक कर सकते है। यह जानकारी शीतल प्रसाद साहू ने दी है।

# फरहद चौक स्थित सार्वजनिक तालाब पाटे जाने से ग्रामीणों में रोष

## निस्तारी के लिए लोगों को हो रही परेशानी, पंच/सरपंच सहित ग्रामवासियों ने उठाई आवाज

राजनांदगांव (दावा)। कुछ ही दिनों में गर्मी का सीजन आने वाला है। शासन प्रशासन सहित जागरुक लोगों का ध्यान जलस्त्रोतो की ओर है कि हमारे प्राकृतिक जलस्त्रोत सूखने न पाए, उसमें कचरा गंदगी न समाए। पानी गंदा न हो। लेकिन निकटस्थ गांव फरहद में इससे उलट देखने को मिल रहा है।




गांव के चौक समीप स्थित इस सार्वजनिक उपयोग के तालाब को पाटने का कुचक्र जारी है। इससे गांव वालों की परेशानी बढ़ गई है और उनके समक्ष निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो गई है। इस संबंध में गांव के सरपंच, उप-सरपंच, पंच आदि सहित ग्रामवासियों ने एक प्रेसवार्ता आयोजित कर बताया कि सरकारी दस्तावेज के अनुसार फरहद चौक स्थित तालाब 65 साल से तालाब ही है जिसे अब के दौर में कुछ लोग पाट रहे हैं, जिससे निस्तारी की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों ने बताया की 65 साल पहले गांव की भूलिन बाई बेवा माखनलाल चौबे द्वारा ग्रामीणों को निस्तारी सहित अन्य प्रयोजन के लिए दी गई है जिस पर कुछ असामाजिक तत्व पैसों की लालच में तालाब का स्वरूप बिगाड़ रहे हैं और कचरा वगैरा फेंक रहे हैं, जिससे तालाब में गंदगी पनप गई। ग्रामवासियों ने बताया कि इस जमीन के बदले शकुंतला चौबे ने अन्य जमीन की मांग की थी जो ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध नहीं हो पाने के कारण नहीं दी जा सकी है।

### सार्वजनिक उपयोग का तालाब

पत्रकारवार्ता में बताया गया कि यह तरिया लगभग 65 वर्ष पूर्व भूलिन बाई बेवा माखनलाल चौबे द्वारा ग्राम फरहद को निस्तारी एवं सार्वजनिक उपयोग हेतु जमीन दी गई थी, जिसे ग्राम फरहद निवासियों द्वारा श्रमदान कर तालाब निर्माण किया गया, जिसमें स्वयं भूलिनबाई द्वारा पुण्य कार्य समझकर श्रमदान किया गया था। पश्चात तालाब में निस्तार कार्य यथा गणेश, दुर्गा, जवांरा विसर्जन, मरनी-हरनी, नहावन, पालतू पशु को पानी, मछली पालन कार्य किया जाता था।

वर्तमान में इस तालाब के स्वरूप को कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पैसों की लालच में इसके स्वरूप को बिगाड़कर पूर्वजों के धरम करम कार्यों को बिगाड़ रहे हैं। तालाब में जबरदस्ती कचरा, मिट्टी अन्य वेस्ट पदार्थ डालकर तालाब का स्वरूप बिगाड़ा जा रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि इस कार्य में लगे लोगों को प्रशासन एवं राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। इससे फरहद ग्रामवासी क्रोधित एवं उत्तेजित है एवं इस अनैतिक कार्य का विरोध किया जा रहा है।

### गांव का जलस्तर गिरा

बताया गया कि इस तालाब का पानी निकालने एवं पाटने से नलकूप, कुंआ का जलस्तर कम हो गया है एवं भविष्य में जलसंकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। यही नहीं अभी से ही ग्राम फरहद, रेवाडीह, गोकुलनगर, बसंतपुर के मवेशियों के लिए पीने का पानी की समस्या उत्पन्न हो गई है। भूलिनबाई तरिया के पार में हनुमान जी एवं शिवजी का मंदिर स्थापित है जिसमें नित्य पूजा अर्चना होती है जहां पर कचरा फेंककर गंदगी फैलाई जा रही है। जिसका फरहदवासी विरोध कर रहें है। शासकीय दस्तावेंजों में यह तालाब दर्ज है, जिसे कूट रचना कर प्रयोजन परिवर्तन कराया जा रहा है। श्रीमति शकुंतला चौबे द्वारा इस तालाब के बदले अन्य जमीन की कलेक्टर से मांग की गई थी ग्राम पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध नहीं होने पर नहीं दी गई। वैसे भी सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाईन अनुसार तालाब का प्रयोजन परिवर्तन नहीं किया जा सकता।

लिहाजा ग्राम के सरपंच, पंचो, महिलाएं सहित अन्य गांववासियों का कहना है कि सार्वजनिक उपयोग के इस तालाब को किसी भी तरह मरने नहीं देना है। इसलिए शासन व प्रशासन का भी फर्ज बनता है कि गांव वालों के निस्तारी के लिए उपयोग में आने वाले इस तालाब की यथास्थिति बनाए रखने ठोस कदम उठाए जिससे तालाब जैसे प्राकृतिक जल स्त्रोतों की रक्षा की जा सकें।

# सूने मकान में चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

- आदतन व शातिर अपराधी है आरोपी
- आरोपी के विरूद्ध मारपीट व चोरी के है अपराध दर्ज
- न्यायिक रिमाण्ड पर आरोपी को भेजा गया जेल

राजनांदगांव (दावा)। दिनांक 09 फरवरी को प्रार्थी सिद्धार्थ साहू निवासी चिखली का रिपोर्ट दर्ज कराया कि इनकी बहन का मकान चिखली दीनदयाल नगर में है, बहन लोगों के बाहर रहने से उसके देखरेख व सुबह शाम लाईट चालु बंद करने के लिए मैं जाता हूँ दिनांक 13 जनवरी को मैं रात्रि में लाईट चालू करके अपने घर वापस आ गया था एवं सुबह लाईट बंद करने गया तो देखा कि गेट का ताला टूटा हुआ है व घर में 04 नग सीसीटीवी कैमरा, कैमरा का केबल, मॉनिटर को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है, की रिपोर्ट पर धारा सदर का अपराध कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया व मामला गंभीर होने से मामले की जानकारी तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई, बाद में पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक अमित पटेल के मार्गदर्शन में राजनांदगांव चौकी चिखली पुलिस की टीम गठित कर घटनास्थल का निरीक्षण व तरीका वारदात के आधार पर अज्ञात आरोपी का पता साजी किया जा रहा था कि मुखबीर की सूचना पर शातिर अपराधी शेरा कश्यप को घटना दिनांक के दिन में घटनास्थल के आसपास घुमते देखा गया है कि सूचना पर संदेही शेरा कश्यप पिता पंचु कश्यप निवासी चिखली अटल आवास दीनदयाल नगर को हिरासत में लेकर पुछताछ किया गया, संतोषजनक जवाब नही देने पर तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर कड़ाई से पुछताछ करने पर उक्त सुने मकान के गेट का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम देना बताया और अपने घर के पास से चोरी किये सीसीटीवी कैमरा, केबल को जप्त कराया। आरोपी शेरा कश्यप के विरूद्ध धारा सदर 457, 380 भादवि का अपराध घटित करने पर्याप्त साक्ष्य सबूत पाये जाने से आरोपी को न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी चिखली उप निरीक्षक नरेश कुमार बंजारे, प्रधान आरक्षक अरूण कुमार नेताम, समारू सर्पा, आरक्षक राजकुमार बंजारा, कमल साहू, बीरबल सिंह, देवेन्द्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका व सराहनीय योगदान रहा है।

# बिजली खंभे से टकराकर परीक्षार्थी युवक-युवती जख्मी... रायपुर रिफर

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी स्थित कृषि महाविद्यालय से परीक्षा देकर बाइक में वापिस जा रहे युवक-युवती की बूचीभरदा के पास बिजली खम्बे में टकराकर एक्सीडेन्ट हो गया। सुरगी चौकी प्रभारी पुरूषोत्तम ध्रुव को इस संबंध में जानकारी होने पर दोनों घायलों को मेडिकल कालेज हास्पिटल पेण्ड्री भिजवाया गया जहां से उनकी खराब हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने दोनों को रायपुर मेकाहारा रिफर कर दिया गया।

बताया जाता है कि बेमेतरा निवासी युवक रोहित व उतई निवासी युवती कृति यादव शनिवार को सूरगी स्थित कृषि महाविद्यालय में एक्जाम देने गए हुए थे। परीक्षा खत्म होने के बाद दोनों सोल्ड वाहन में सवार होकर कही जा रहे थे। जैसे ही बूचीभरदा के पास दोनों पहुंचे हुए थे कि दोपहर करीब एक डेढ़ बजे बाइक के अनियंत्रित होने से खम्बे में जा टकराए। इससे युवती के सिर में गंभीर चोट आई है वही युवक के पैर बूरी तरह जख्मी हो गया। दोनों की हालत फिलहाल ठीक बताई जा रही है।

# कोतवाली पुलिस ने धारदार चाकू के साथ युवक को किया गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। कोतवाली पुलिस ने तुलसीपुर के शेरे पंजाब गली में रहने वाले युवक को धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार किया है।

बताया जाता है कि 18 वर्षीय उक्त युवक आदतन आरोपी हैं जो पूर्व में धारा 302 भादवि0 एवं धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के मामले में जेल जा चुका है। आरोपी का नाम किशन साहू उर्फ (झिल्ली दादा) पिता किशोर साहू बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थाना प्रभारी एमन साहू को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई कि किशन साहू उर्फ झिल्ली दादा नामक व्यक्ति तुलसीपुर रेल्वे फाटक के पास अपने हाथ में चाकू लेकर लोगों को डरा धमका रहा है, आसपास के लोग दहशत में है। कि सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उसे पकड़ा गया। जिसके कब्जे से एक नग लोहे का जंग लगा धारदार चाकू जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया। आरोपी के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत पर्याप्त अपराध सबूत पाये जाने से आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय पेश किया गया जहां से उसे जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल में दाखिल किया गया।

# मंडई-मेला में भी यातायात रथ के माध्यम से लोगों को किया जा रहा जागरुक

## परिवहन एवं यातायात विभाग का संयुक्त चेकिंग कार्यवाही, 10 वाहनों पर 13600 रूपये का किया गया चालान

राजनांदगांव (दावा)। शहर सहित पूरे जिले भर में इन दिनों यातायात विभाग लोगों को यातायात के प्रति जागरूक करने का अभियान छेड़े हुए हैं। यातायात और पुलिस विभाग द्वारा मंडई मेला में भी यातायात रथ के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस क्रम में परिवहन व यातायात विभाग के संयुक्त चेकिंग कार्रवाई में 10 वाहनों पर 13600 रुपए का चालान किया गया।



बता दें कि 34वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के 28वें दिन पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं उपपुलिस अधीक्षक, यातायात हेमप्रकाश नायक के मार्गदर्शन में परिवहन एवं यातायात विभाग द्वारा संयुक्त चेकिंग कार्यवाही किया गया। कार्यवाही के दौरान सीजी 12 एके 7253, सीजी 28 के 6788, सीजी 08 एएफ 2487, सीजी 07 सीए 1075 वाहनों पर 7600 रूपये का ऑनलाईन चालान एवं अन्य 06 वाहनों पर 6000 रूपये का समन शुल्क रसीद काटा गया। इसी प्रकार कुल 10 वाहनों से जुमला 13600 रूपये वसूला गया। साथ ही वाहनों के पीछे रेडियम टेप लगाया गया एवं यातायात नियमों का पालन करने वाहन चालकों को समझाईश दिया गया।

### यातायात जागरूकता

बताया गया कि यातायात रथ के माध्यम से प्रधान आरक्षक रोहित गजेन्द्र द्वारा रीवागहन, भानपुरी, कोपेडीह, तुमड़ीबोड़, केहका, मलईडबरी, कोलिहापुरी, तेन्दुनाला, महाराजपुर, चिचोला, पाटेकोहरा, लालूटोला, डुमरडीह, छुरिया मंडई में संगीत, एनाउंस एवं पाम्पलेट वितरण कर आम लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

राजनांदगांव यातायात पुलिस ने आम लोगों से अपील किया है कि नशे के हालत में कभी भी वाहन न चलाये, बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करें, तेज गति से वाहन न चलाये, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें। नियंत्रित गति में वाहन चलायें, सम्पूर्ण यातायात नियमों का पालन करें। जिससे किसी भी प्रकार की सड़क दुर्घटना न हो एवं किसी भी प्रकार की जन-धन की हानि न हों।

dts श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेलों में
समय : 12, 3, 6 व 9 बजे
बाल्कनी की एडवांस बुकिंग प्रारंभ है।
मनोज राजपूत फिल्मस प्रस्तुत
गांव के जीरो शहर मा हीरो
(छत्तीसगढ़ी भाषा में)
कलाकार -
मनोज राजपूत, इशिका यादव, किशानी घोष, धर्मेन्द्र चौबे, संजय




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

SILVER SCREEN Multiplex
09th Feb to 15th Feb 2024




Teri Baaton Main Aisa Uljha Jiya - 12:30,03:15,03:30,06:30,09:15 & 09:30 pm
Eagle (Hindi)- 06:15 pm
Gaon Ke Zero Sahar Ma Hero (Chhattisgarhi)- 12:15 pm
Fighter - 12:00, 03:00, 06:00 and 09:00 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G.) 8085600200

**शपथ पत्र**

मैं अमित श्रीवास्तव, पिता श्री दिलीप श्रीवास्तव उम्र 37 वर्ष निवासी श्रीवास्तव बिल्डिंग, श्याम नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का हूँ तथा निम्नानुसार शपथ पूर्वक कथन करता हूँ।

1. यह कि, मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है जो कि सत्य एवं सही है।
2. यह कि, मेरे पुत्र अद्विक श्रीवास्तव का जन्म दिनांक 30.10.2019 को साईं बाबा हॉस्पिटल, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. में हुआ था।
3. यह कि, मेरे द्वारा पुत्र का जन्म प्रमाण पत्र बनवाया गया था जिसका पंजीकरण संख्या - 2019-01-030884 है जिसमें मेरे पुत्र का नाम त्रुटिवश वृषांक श्रीवास्तव उर्फ अद्विक श्रीवास्तव त्रुटिवश दर्ज हो गया है जबकि मेरे पुत्र का सत्य व सही नाम अद्विक श्रीवास्तव है।
4. यह कि, उक्त जन्म प्रमाण पत्र में अपने पुत्र का नाम परिवर्तन कर उक्त जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज नाम वृषांक श्रीवास्तव उर्फ अद्विक श्रीवास्तव के स्थान पर केवल अद्विक श्रीवास्तव दर्ज कराना चाहता हूँ जिस हेतु सक्षम अधिकारी की जो भी नियम व शर्तें होगी वह मुझे मान्य होगी।
5. यह कि, उपरोक्त जन्म प्रमाण पत्र में अपने पुत्र का सही नाम अद्विक श्रीवास्तव दर्ज कराने के सत्यता के प्रमाण स्वरूप यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी को प्रस्तुत कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
अमित श्रीवास्तव
निवासी - श्रीवास्तव बिल्डिंग, श्याम नगर, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

# 'मैं अपने माता-पिता के आशीर्वाद से सीएम हूं'- मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय सोमवार को जशपुर जिले के कुनकुरी विकासखंड के ग्राम कंडोरा में आयोजित मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि माता-पिता की सेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है, इसलिए हम सभी को प्रतिदिन अपने माता-पिता का चरण छूकर आशीर्वाद लेना और उन्हें प्रणाम करना चाहिए। उन्हें खुश रखेंगे, तो जीवन सफल होगा। मुख्यमंत्री ने छत्तीसग? में 14 फरवरी को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप मनाने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि मैं भी आज सीएम हूं, तो अपने माता-पिता के आर्शीवाद से ही हूं। माता-पिता का ही आशीर्वाद है।

इस दौरान सीएम अपने बचपन को याद कर भावुक हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अपने बचपन में को उनके सिर से पिता का साया उठ जाने के बाद अपनी मां में ही पिता और माता का रूप देखते थे। आज भी उनके चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लेता हूं और मुझे लगता है कि आज मैं जिस मुकाम पर हूं उनके आर्शीवाद से हूं।

आयोजकों को मातृ-पितृ पूजन दिवस के रूप में कार्यक्रम आयोजित करने पर बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके गुरु ने कहा था कि माता-पिता भगवान से ब? होते हैं। माता जन्म देती है। गर्भ में 9 माह तक रखने के बाद पालन-पोषण करती है। यदि माता-पिता खुश नहीं हैं, तो सभी पूजा-पाठ सभी व्यर्थ है। वेदों में भी माता-पिता का स्थान सर्वोच्च है। मुख्यमंत्री ने धार्मिक कथाओं का उदाहरण देते हुए माता-पिता के महत्व को रेखांकित किया और सभी बेटे-बेटियों को अपने माता-पिता को खुश रखते हुए उनसे आशीर्वाद लेने और उनका आदर और सम्मान करने की अपील की।

कार्यक्रम को राजीव रंजन नन्दे और वनवासी आश्रम के योगेश बापट ने भी सम्बोधित किया। उन्होंने माता-पिता का महत्व बताते हुए उनका आशीर्वाद लेने और संस्कृति से दूर रहकर अपने माता पिता की सेवा करने और उनका नाम रोशन करने की बात कही।

### भागवत भवन के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा

सीएम साय आज जशपुर जिला अंतर्गत ग्राम लोधमा में ग्रामवासियों की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सनतान-धर्म ज्ञान का महासागर है। जिसमें जितनी क्षमता हो, वह उतने गहरे उतर सकता है। ज्ञान की इस परंपरा का न आदि है और न ही अंत है। यदि हम केवल श्रीमद् भागवत की ही बात कर लें, तो इसकी गहराई को छूने के प्रयास में ही सारा जीवन बीत जाता है। जशपुर जिला ग्राम लोधमा में 10 फरवरी से 17 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमे वृंदावन से पहुंचे पंडित श्री बलराम शास्त्रीजी कथा वाचन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने यहां भागवत भवन के लिए 20 लाख रुपए देने की घोषणा की। साथ ही हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन की घोषणा की गई।

# किसान आंदोलन : छावनी में तब्दील दिल्ली के बॉर्डर, सिंघु-टिकरी बॉर्डर पर पुलिस के कड़े इंतजाम



नई दिल्ली। एमएसपी को लेकर किसानों के दिल्ली कूच के ऐलान के बाद राजधानी दिल्ली के सभी बॉर्डर को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। किसानों के 13 फरवरी को राजधानी आने की खबर के बाद दिल्ली पुलिस ने उनको आने से रोकने के लिए खासे इंतजाम किए हैं। दिल्ली के तमाम बॉर्डर के अलावा सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर ज्यादा एहतियात बरती जा रही है। यहां पुलिस ने कटीले तारों के अलावा बैरिकेड्स, सीमेंट के बड़े-बड़े ब्लॉक (जर्सी बैरियर), कंटेनर और दूसरे अवरोधक लगाए गए हैं। माना जा रहा है कि पंजाब और हरियाणा से आने वाले किसान इन दोनों बॉर्डर से राजधानी में प्रवेश के प्रयास कर सकते हैं, इसलिए पुलिस ने किसानों को रोकने के लिए यहां इंतजाम किए हैं।

सिंघु बॉर्डर पर पुलिस ने अस्थायी कार्यालय और कंट्रोल बनाने के अलावा करीब एक किलोमीटर के दायरे में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए हैं। ड्रोन की मदद से एरिया की निगरानी भी की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि किसानों ने दिल्ली की सीमा में प्रवेश करने के लिए पंजाब और हरियाणा में 15 से 20 बार रिहर्सल की है। ऐसे में पुलिस इसे बड़ी चुनौती मान रही है। किसानों को दिल्ली आने से रोकने के लिए लगभग सभी जिलों में पुलिस अपने जवानों को मॉक ड्रिल करवा रही है। दिल्ली पुलिस के तमाम वरिष्ठ अधिकारी रविवार को भी बैठकें करते रहे। अप्सरा, भोपरा, गाजीपुर, चिल्ला के अलावा बदरपुर बॉर्डर पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है।

दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फिलहाल सिंघु और टिकरी बॉर्डर को सील कर दिया गया है। वहां पर बगैर जांच के किसी भी वाहन को सीमा में प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि 13 फरवरी को दोनों ही बॉर्डर को बैरिकेडिंग कर पूरी तरह बंद कर दिया जाएगा। वैकल्पिक रास्तों से ही वाहन चालक दिल्ली में प्रवेश कर सकेंगे।

अधिकारी ने बताया कि अकेले सिंघु बॉर्डर पर ही अर्द्धसैनिक बलों की 16 कंपनियों की तैनाती की जा रही है। करीब 3000 से ज्यादा जवान सिंघु बॉर्डर के आसपास तैनात रहेंगे। कुछ ऐसा ही हाल टिकरी बॉर्डर का भी है। बाकी मुकरबा चौक, गाजीपुर, अप्सरा, भोपरा, आनंद विहार, चिल्ला और बदरपुर बॉर्डर पर बैरिकेड्स के अलावा जर्सी बैरियर पहुंचा दिए गए हैं। सिंघु और टिकरी बॉर्डर पर क्रेन के अलावा जेसीबी को तैनात कर दिया गया। दिल्ली पुलिस हाई अलर्ट पर है। अधिकारियों का कहना पिछली बार की तरह अधिकारी कोई रिस्क नहीं लेना चाहते हैं। किसी भी सूरत में किसानों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोका जाएगा। खुद दिल्ली पुलिस आयुक्त इस पर पूरी नजर रखे हुए हैं।

# दिल्ली से वापस लौटे पेंशनर्स का स्टेशन में भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। दिल्ली में जंतर मंतर पर 8 फरवरी को राष्ट्रव्यापी विशाल धरना प्रदर्शन कर वापस लौटे पेंशनर्स का आज दोपहर रेल्वे स्टेशन पर पुष्पहार द्वारा भव्य स्वागत किया गया। दिल्ली से लौटकर एजाजुर्रहमान ने आज रेल्वे स्टेशन पर साथियों को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी कि कमाण्डर अशोक राउत के नेतृत्व में दिल्ली में 30 जनवरी से जंतर मंतर पर राष्ट्रव्यापी आंदोलन प्रारंभ हुआ। 8 फरवरी को कमाण्डर अशोक राउत एवं मथुरा की सांसद श्रीमती हेमा मालिनी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने श्रम सचिव से मुलाकात की। बैठक संतोषजनक रही एवं ई.पी.एस.95 के आंदोलनरत पेंशनर्स के हक में सरकार सहानुभूतिपूर्वक विचार कर रही है व शीघ्र ही शुभ समाचार मिलने की संभावना है। उच्च स्तरीय बैठक का सिलसिला प्रारंभ हो चुका है।

राजनांदगांव के प्रतिनिधि मंडल में बालमुकुंद विश्वकर्मा, श्रीमती हदीसन बेगम, जनाबाई मेश्राम, आमना बी, नजीर भाई एवं डारनबाई आज दोपहर गोंडवाना एक्सप्रेस से राजनांदगांव पहुंचे। स्थानीय रेल्वे स्टेशन पर इनका भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने पहुंचने वालों में मुकेश चौबे, नेमीचंद राव, प्रमोद रामटेके, रामटेके जी, सुनील बाजपेयी एवं अजय शुक्ला शामिल थे।

उल्लेखनीय है कि आज रेल्वे स्टेशन पर इनके स्वागत में जब उपस्थित जनसमूह ने नारे लगाये तब आर.पी.एफ. के जवानों ने इन्हें नारे लगाने से रोका और कहा कि यह अपराध है, नारे स्टेशन के बाहर लगायें। पेंशन की लड़ाई लड़ने वाले वरिष्ठ नागरिक सीमित संख्या में शांतिपूर्ण ढंग से स्वागत समारोह आयोजित कर रहे थे और आर.पी.एफ. के जवानों ने इन्हें सख्ती से नारे न लगाने की हिदायत दी।

आज पहली बार यह मालूम हुआ कि लोकतंत्र में नारे लगाना अपराध है। आशा है भविष्य में किसी नेता के आगमन पर अथवा किसी अन्य अवसर पर आर.पी.एफ. ऐसे अपराध को सख्ती से रोकने में सफल होगी। उपरोक्त जानकारी ई.पी.एफ. 95 संघर्ष समिति के महासचिव मो. फारूख ने दी।

# अवैध रूप से बिक्री करने डंप किए शराब के जखीरा पर पड़ा खैरागढ़ पुलिस का छापा

खैरागढ़ (दावा)। जिले में पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती नेहा पांडे, पुलिस अनुभागीय अधिकारी खैरागढ़ लालचंद मोहले के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कल 10 फरवरी 2024 को मुखबिर सूचना के आधार पर रेड कार्यवाही कर आरोपी बॉबी रजक पिता ईश्वरी रजक उम्र 22 साल निवासी बाजार अतरिया को नहर नाली के नीचे मैदान ग्राम बाजार अतरिया के पास अवैध रूप से डंप किए शराब की ढेरी पर रेड किया गया। जहां आरोपी द्वारा शराब बिक्री हेतु नाबालिग बच्चों को दुष्प्रेरित करते मिला आरोपीगण बाबी रजक, शंकर देवार मौके से फरार हो गया, नाबालिग बच्चे के निशानदेही पर आरोपी द्वारा झोपड़ी के पास 60 पौवा तथा डबरी के पानी के अंदर बोरी में छिपाकर डंप किए 140 पौवा देशी प्लेन शराब मात्रा 36.000 बल्क लीटर कीमती 1600 रु. को जप्त कर आरोपी के खिलाफ थाना खैरागढ़ में अपराध क्रमांक 59/2024 धारा 34(2)42 आबकारी एक्ट 78 किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत कार्यवाही किया गया7 प्रकरण में एक अन्य आरोपी फरार है जिनका सरगर्मी से तलाश जारी है7 गिरफ्तार आरोपी को माननीय न्यायालय पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश देवदास, उपनिरीक्षक वीरेंद्र चंद्राकर, सहायक उपनिरीक्षक शंकर कारूनिक, आरक्षक ईश्वरी बंजारे, आरक्षक शिवलाल वर्मा, आरक्षक प्रदीप यादव, आरक्षक अजय सिदार एवं महिला आरक्षक रानी साहू का विशेष योगदान रहा।

### भाजपा ने देवेंद्र प्रताप सिंह को बनाया राज्यसभा उम्मीदवार

रायपुर। छत्तीसगढ़ की एक राज्यसभा सीट के लिए भाजपा ने राजा देवेंद्र प्रताप सिंह को उम्मीदवार बनाया है। राजा देवेंद्र प्रताप सिंह लैलूंगा से जिला पंचायत सदस्य हैं और 15 साल से भाजपा से जुड़े हुए हैं। दो अप्रैल 2024 को राज्यसभा की सीट पर सरोज पांडे का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। राज्यसभा चुनाव के लिए आठ फरवरी से नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है जो 15 फरवरी तक चलेगी। 27 फरवरी के दिन चुनाव होंगे।

# छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की बारिश के आसार, उत्तरी क्षेत्र में हो सकती है ओलावृष्टि

रायपुर(दावा)। राजधानी सहित प्रदेशभर में मौसम ने एक बार फिर करवट बदल ली है। शनिवार तक बढ़ते तापमान के बीच रविवार को अचानक मौसम बदला और बारिश के साथ ओलावृष्टि भी हुई। दिन में जहां राजधानी का अधिकतम तापमान 32.2 डिग्री तक रहा, वह अचानक से शाम को दो से तीन डिग्री तक नीचे चला गया। वहीं, मौसम विज्ञानियों के अनुसार सोमवार को भी प्रदेश के कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा या फिर गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। जबकि कुछ उत्तर छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों पर अंधड़ चलने के अलावा ओलावृष्टि की भी संभावनाएं बन रही हैं।

इसी बीच छत्तीसगढ़ के न्यूनतम तापमान में वृद्धि संभावित है और अधिकतम तापमान में मामूली गिरावट देखने को मिल सकती है। वहीं, राजधानी में प्रात-काल कुहासा रहने के बाद मौसम आंशिक मेघमय रहने के आसार हैं। साथ ही अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान 18 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

मौसम विज्ञानी एपी चंद्रा के अनुसार एक द्रोणिका दक्षिण अंदरूनी कर्नाटक से पश्चिम विदर्भ तक 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। वहीं, प्रदेश में प्रचूर मात्रा में बंगाल की खाड़ी से नमी युक्त अपेक्षाकृत गर्म हवा का आगमन लगातार जारी है, जिसका संगमन क्षेत्र बिलासपुर संभाग के पश्चिमी क्षेत्र बना बना हुआ है। इसकी वजह से 12 फरवरी को वर्षा के साथ वज्रपात होने, अंधड़ चलने और ओलावृष्टि के आसार बन रहे हैं। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में आगामी पांच दिनों में न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। साथ ही अधिकतम तापमान में 48 घंटे के बाद दो से तीन डिग्री की गिरावट होने के आसार हैं, जबकि इसके बाद कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावनाएं नहीं हैं। मौसम विभाग के आंकड़ों के अनुसार अधिकतम तापमान पेंड्रा रोड में औसत से चार डिग्री, जबकि अंबिकापुर में यह एक डिग्री कम है। वहीं, राजनांदगांव में यह सामान्य से छह डिग्री अधिक, जबकि जगदलपुर में दो डिग्री और बिलासपुर व रायपुर में एक-एक डिग्री सेल्सियस तक कम है। इसके अलावा न्यूनतम तापमान में भी कमी और अधिकता देखने को मिल रही है। दुर्ग में यह तीन डिग्री कम, जबकि अंबिकापुर व पेंड्रा रोड में यह एक-एक डिग्री सेल्सियस तक कम है। वहीं, राजनांदगांव में यह एक डिग्री, रायपुर-बिलासपुर में दो डिग्री, जबकि जगदलपुर में चार डिग्री सेल्सियस तक ज्यादा है।

# टारगेट पूरे करती है मोदी सरकार : कचरू प्रसाद शर्मा



राजनांदगांव(दावा)। धारा 370, तीन तलाक, महिला सम्मान, महिला वंदन बिल, आयुष्मान भारत योजना, गरीबों के लिय पक्का घर, वंदे भारत ट्रेन, भरपूर बिजली, नल से जल, इज्जत घर (शौचालय), नया संसद भवन और 550 वर्षो के बाद राम लला का भव्य मंदिर उपरोक्त के अलावा अनेक कार्य को देखकर भारत की जनता के साथ पूरे विश्व का विश्वास मोदी सरकार व विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नरेन्द्र मोदी पर हुआ है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता कचरू शर्मा ने कहा युगपुरूष श्री मोदी जिस काम की योजना बनाकर भूमिपूजन करते है, समय-सीमा में पूर्ण करवा कर उनके द्वारा ही उद्घाटन होता है। विपक्ष तरह तरह से भ्रम कर रहे थे लाखों श्रद्धालओं ने भगवान श्री राम के दर्शन कर उनको जवाब दे दिया है।

श्री शर्मा ने कहा कि श्री मोदी उन्हीं योजना को शुरू करते है, जिसे समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा किया जा सके। आपके प्रधानमंत्रित्व काल के शुरू से आज तक जनता इस बात को देख रही है, समझ रही है। श्री मोदी के सभी गारंटी पर जनता को भरोसा है और छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को धयान से देखे तो यह पता चलता है। श्री मोदी की गारंटी की स्पष्ट झलक दिखाई देता है। जनता के रुझान ने यह बता दिया है कि 18वीं लोकसभा मे छत्तीसगढ़ के सभी लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजयी होंगी।

# झूठी वाहवाही लूट रही है पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी-अजय पटेल



छुरिया (दावा)। भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पटेल ने खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायिका श्रीमती छन्नी साहू द्वारा भाजपा सरकार के खिलाफ दिए बयान पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि स्वयं छन्नी साहू ने 5 वर्ष के अपने कार्यकाल में सिर्फ झूठे आश्वासन एवं भूमि पूजन तक सीमित रहीं, क्षेत्र के विकास से उनका कोई नाता नही रहा, बिना स्वीकृत कार्यों के भूमिपूजन करना उनका कार्य रहा है।

जब कांग्रेस के शासन में 132 केवी भंडारपुर के लिए पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा वर्चूवल भूमिपूजन कर आमजनों को दिग्भ्रमित करने का ही कार्य किया है। बताना यह आवश्यक है कि पूर्व विधायक ने अपने बयान में बताते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री छुरिया प्रवास के दौरान 26 मार्च को 64 करोड़ 14 लाख रुपए का नींव रखने एवं भूमिपूजन के बाद सात महीनों तक कांग्रेस की सरकार कुंभकरणी नींद में सोयी थी। श्रीमती छन्नी को इस बात का ध्यान जरुर होगा कि उन्होंने छुरिया के माँ दंतेश्वरी मंदिर के निर्माण के लिए लाखों रुपये की घोषणा कर छुरिया के लोगों को ठगा है ठीक वैसे ही कांग्रेस के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी भेंट मुलाक़ात कार्यक्रम में मंदिर निर्माण एवं सौंदरीकरण के लिये करोड़ों की घोषणा किया था जिसका आज पर्यन्त कोई अता पता नहीं। जबकि आज विष्णु देव साय की नेतृत्व में भाजपा सरकार ने सभी वर्गो का ख्याल रखते हुए बजट में जनकल्याणकारी विकाससील बजट पेश किया है, जिसमें खुज्ज़ी विधानसभा के विभिन्न ग्रामों के पुल पुलिया, सड़क, नये स्कूल भवन एवं अन्य करोड़ों के नवनिर्माण शामिल है, जिसका झूठा श्रेय लेने की कोशिश पूर्व विधायक श्रीमती छन्नी साहू एवं वर्तमान विधायक भोलाराम साहू द्वारा की जा रही है।

# स्टेट वेयर हाउस प्लेसमेंट एजेंसी का किया गया विरोध

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ स्टेट वेयर हाउसिंग कार्पोरेशन मे प्लेसमेंट एजेंसी के माध्यम से कर्मचारियों की भर्ती की जा रही है, जिसको लेकर कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। कर्मचरियों द्वारा अवगत कराया गया की एजेंसी लागू हो जाने से 10-15 वर्षो से कार्यरत कर्मचरियों के सामने अपने परिवार का भरण-पोषण एवं रोजगार छीन जाने की समस्या उत्पन्न हो गयी है। निगम प्रबंधन के द्वारा जबरदस्ती एजेंसी लागु कर दिये जाने से दिनांक 15 फ़रवरी को निगम कर्मचारी हड़ताल करने हेतु बाध्य हो चुके हैं जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन एवं निगम प्रबंधन की होगी इतने वर्षों से अपनी सेवा दे रहे कर्मचारी को अभी तक नियमितिकरण का लाभ नहीं दिया गया उसको लेकर भी कर्मचारियों में भारी रोष है।

# बजट : व्यापार, लघु उद्योग, आय के स्त्रोत बढ़ाने में नाकाम, राजनांदगांव संसदीय क्षेत्र के तीनों जिले उपेक्षित

**पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने वित्तीय अनुशासन और कुशल प्रबंधन से छत्तीसगढ़ को देश के पांच राज्यों में शामिल किया था**



राजनांदगांव (दावा)। जिला कांग्रेस कमेटी व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष सैय्यद अफजल अली ने कहा बजट में महंगाई-बेरोजगारी के घोर आर्थिक संकट में घिरी प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सुधार के लिए कोई पहल नहीं दिखती है। निर्माण, छोटे उद्योगों, व्यापार, जो इस मंदी की मार से सबसे ज्यादा बेहाल है, वहां लोगों ने सबसे ज्यादा रोजगार खोए है, उनके लिए बजट में कुछ नहीं किया गया है।

तीन प्रदेश से घिरे राजनांदगांव जिले के तीनों क्षेत्रों के बेरोजगार लोगों को नकद, न्यूनतम, मासिक आय को बढ़ाने और इस क्षेत्र में नए उद्योग के जरीए बेरोजगारों को रोजगार से लगाने के लिए सरकार की ओर से सहायता जरूरी है, पर बजट में इसका कोई प्रावधान नहीं है, संस्कारधानी नगरी के बाजार में तरलता लाने व्यापार-उद्योग को पटरी पर लाकर रोजगार के अवसर बढ़ाने की कोई मंशा बजट में नहीं दिखती है। शासकीय कर्मचारियों को लेकर भी उनके मानदेय बढ़ाने या उनकी सुविधा में वृद्धि करने का कोई व्यवस्था नहीं है, इस बजट से मोदी की गारंटी कहा गई। नये उद्यमी, व्यवसायियों के बेहतर व्यवस्थापन की कोई कार्य योजना नहीं है।

सैय्यद अफजल अली ने आगे कहा पूर्ववर्ती सरकार द्वारा चलाए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यक्रमों को सतत जारी रखने में साय सरकार संशय की स्थिति में नजर आ रही है। आम जनता के हित से भारतीय जनता पार्टी का कोई सरोकार नहीं है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने 5 वर्ष के कार्यकाल के दौरान प्रदेश की जनता पर कोई नया कर नहीं लगाया गया था और न ही किसी भी तरीके से करो में कोई वृद्धि की गई, बल्कि जनता को मिलने वाले राहत और सब्सिडी सतत जारी रहा। कांग्रेस की सरकार ने अपने पांच वर्ष के कार्यकाल के दौरान छत्तीसगढ़ की जीडीपी को 2 लाख 77 हजार से बढ़ाकर 5 लाख नौ हजार तक अर्थात दोगुना पहुंचाया है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने अपने वित्तीय अनुशासन और कुशल प्रबंधन से छत्तीसगढ़ को देश के उन पांच राज्यों में शामिल किया था, जिसने विगत 3 वर्षों से कोई नया कर्ज नहीं लिया था, लेकिन नए सरकार आते ही पिछले 2 महीने में चार-चार बार कर्ज लिया गया। विगत एक माह के दौरान ही वर्तमान सरकार ने 5 हजार करोड़ का नया कर्ज लिया है और इस बजट में फिर से लगभग 20 हजार करोड़ का नया कर्ज लेने का प्रावधान भाजपा के वित्तीय कुप्रबंधन और अनर्थशास्त्र का प्रमाण है।

पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के पिछले बजट में शिक्षा पर कुल बजट का 19.4 प्रतिशत खर्च किया गया था, जो इस बजट में घटाकर मात्र 15.95 प्रतिशत कर दिया गया है। कृषि के क्षेत्र में कुल बजट पिछले बजट में कुल बजट प्रावधान का 16.6 प्रतिशत था, जो इस बार घटाकर 14.05 प्रतिशत कर दिया गया है, इस तरह कृषि प्रधान छत्तीसगढ़ के इतिहास में पहली बार कृषि का बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग ढाई परसेंट घटा दिया गया है। शिक्षा के बजट में 4 प्रतिशत की भारी भरकम कटौती वर्तमान सरकार की बदनीयती को प्रमाणित करता है। संशाधनों की कारपोरेट लूट को बढ़ाने के पूरे प्रावधान हैं, दूसरी ओर इस मंदी में एक साल में ही एक तिहाई तक संपति बढ़ाने वाले कारपोरेट घरानों को टेक्स में भारी छूट दी गई हैं। बीपीएल परिवार में कन्या रत्न प्राप्त होने पर डेढ़ लाख रुपए देने का वादा किया गया था। पंचायत स्तर पर डेढ़ लाख बेरोजगार युवाओं की भर्ती, तेंदूपत्ता संग्राहकों को 4500 रुपए बोनस, इन्नोवेशन हब बनाकर 6 लाख रोजगार, कॉलेज जाने हेतु छात्रों को मासिक ट्रेवल्स अलाउंस, 500 जन औषधि केंद्र खोलने, 500 रूपये में प्रति घर गैस सिलेंडर पहुंचाने, 100000 सरकारी पदों पर भर्ती के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया हैं। कुल मिलाकर प्रदेश के मध्यमवर्गीय लोग बेरोजगारी मंदी का संकट झेल रहे हैं।

# जिला स्तरीय महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान का आयोजन

**कल्याणकारी योजनाओं का उठाएं लाभ : गीता घासी साहू**



राजनादगांव (दावा)। शक्ति वंदन अभियान के अन्तर्गत पदम श्री गोविन्द राम निर्मलकर ऑडिटोरियम नगर पालिक निगम राजनांदगाव में जिला स्तरीय स्वयं सहायता समूह सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को केंद्र व राज्य शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा उसका लाभ लेने प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजनांदगाव जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू, आभा तिवारी, रविद्र वैष्णव, प्रतिक्षा सूर्यकांत भंडारी, ललिता, तरुण लहरवानी, देवेंद्र कौशिक, हंसा सिन्हा, नारायण बंजारे, भगवती साहू आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

जिला पंचायत अध्यक्ष गीता घासी साहू ने सम्बोधित करते हुए कहा कि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना लागू की गई है। योजना के अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को 1000 रूपए प्रतिमाह डीवीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने नारा दिया है कि हमने ही बनाया है हम ही संवारेंगे।

एक महिला जब मजबूत होती है तब एक परिवार संवरता है, परिवार के संवरने से समाज संवरता है और समाज के संवरने से राज्य संवरता है इसलिए मोदी जी ने महतारी वंदन योजना की गारंटी दी और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने इसे शुरू किया ताकि महिलाओं के परिश्रम का सम्मान करते हुए उन्हें सम्मान स्वरूप स्नेह राशि भेंट की जाए। महतारी वंदन योजना छत्तीसगढ़ की महिलाओं के सम्मान का प्रतीक है। छत्तीसगढ़ की परंपरा रही है कि यहां बेटियों को अगाध स्नेह और सम्मान दिया जाता है।बेटियों का हर घर में विशेष स्थान होता है। तीज- त्यौहारों में बेटियों और बहनों को स्नेह से भेंट और राशि दी जाती है। छत्तीसगढ़ सरकार ने भी महतारी वंदन योजना के जरिए प्रदेश की लाखों महिलाओं का मान-सम्मान बढ़ाया है।

सरकार ने स्नेह स्वरूप महिलाओं को सालाना 12 हजार रूपए देने का निर्णय लिया है इससे महिलाओं में खासा उत्साह है। महतारी वंदन योजना लागू होने से महिलाओं के विश्वास की जीत हुई है। अब उनकी छोटी-छोटी ख्वाहिश अधूरी नहीं रहेंगी। महिलाओं को इस योजना ने उम्मीद की एक ऐसी किरण दी है जिससे उनके आगे की राह प्रशस्त होगी।

## अनमोल दावा

> उम्र थका नहीं सकती, ठोकरें गिरा नहीं सकती, अगर जिद हो जीतने की तो हार भी हरा नहीं सकती...

# राजनीतिक अस्थिरता और भौगोलिक चुनौतियां विकास की राह में रोड़ा

पूर्वोत्तर के राज्य आम जन के मुद्दों में ज्यादा सम्मिलित नहीं रहते हैं। इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं, परंतु इन्हें आर्थिक विकास में लगातार दूसरे राज्यों के समान प्रोत्साहन मिलना जरूरी है, जो इनका लोकतांत्रिक अधिकार है तथा यह देश के तेजी से आर्थिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। हालांकि पिछले दिनों मोदी सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया अंतरिम बजट आने वाले चुनावों की छत्रछाया में बनाया गया बजट नहीं था, कुछ दूरगामी सोच रखे हुए था। फिर भी यह अब अत्यंत अपेक्षित हो गया है कि आने वाली नई सरकार जब अपना पूर्ण वित्तीय बजट पेश करे, तो उसमें इन आठ पूर्वोत्तर राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा पर एक विशेष आर्थिक नीति शामिल हो। ये राज्य भारत की सामरिक संरचना के मद्देनजर बहुत महत्वपूर्ण हैं, लेकिन उनकी वर्तमान वित्तीय स्थिति को देखते हुए आशंका है कि पूर्वी एशिया महाद्वीप के पड़ोसी मुल्क, जिनमें चीन भी शामिल है, इन राज्यों में परोक्ष रूप से अपनी भागीदारी न बढ़ा लें। इससे भारत के लिए बहुत विपरीत स्थिति पैदा हो सकती है।

पंद्रहवें वित्त आयोग के अनुसार, अन्य दूसरे राज्यों की तुलना में भारत के ये आठ पूर्वोत्तर राज्य अपने आर्थिक विकास के लिए केंद्र सरकार के द्वारा दिए गए वित्तीय कर्ज अथवा केंद्र सरकार से मिलने वाले वित्तीय करों में हिस्सेदारी पर अधिक निर्भर रहते हैं। मिजोरम की अर्थव्यवस्था में 87 फीसदी वित्तीय आय केंद्र सरकार के वित्तीय करों में हिस्सेदारी तथा केंद्र सरकार से प्राप्त विशेष अनुदान से हो रही है। गौरतलब है कि 15वें वित्त आयोग के मुताबिक, पिछले वर्ष में पूर्वोत्तर के इन आठ राज्यों की वित्तीय कर्ज में देनदारी 33 फीसदी से ज्यादा है। असम हालांकि बेहतर स्थिति में है, जहां पर वित्तीय कर्ज जीडीपी का मात्र 25 फीसदी है। मुख्य समस्या इस बात की है कि इन राज्यों में अर्थव्यवस्था की विकास दर तथा उसका जीडीपी बहुत अधिक अस्थिर रहता है। इस कारण राज्यों के वित्तीय करों के स्रोत बहुत कम रह जाते हैं, जिसके चलते इन्हें वित्तीय सहायता हेतु केंद्र सरकार पर बहुत अधिक निर्भर रहना पड़ता है। यहां पर यह समझना भी अत्यंत आवश्यक है कि इन राज्यों में आर्थिक विकास का मुख्य आधार कृषि तथा सेवा क्षेत्र ही है। सेवा क्षेत्र में पर्यटन मुख्य आधार है, लेकिन बुनियादी ढांचों का अच्छी तरह विकसित न होना इस संबंध में एक मुख्य समस्या बन जाता है।

मोदी सरकार ने पिछले समय से इन राज्यों के लिए चली आ रही नॉर्थ ईस्ट की नीति को बदलकर एक्ट ईस्ट नीति बनाई, जिसके अंतर्गत वाणिज्य, संस्कृति और संपर्क को मुख्यधारा में रखा गया है। लेकिन इन राज्यों में लंबे समय से राजनीतिक अस्थिरता और भौगोलिक चुनौतियों के कारण आधुनिक औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त संरचना का विकास नहीं हो पाया है। इन राज्यों के विकास में एक अवरोध निजी निवेश का न होना भी है। एक मुख्य समस्या यह भी है कि इन राज्यों की वित्तीय आय तथा केंद्र से मिले अनुदानों का बहुत बड़ा हिस्सा वेतन, पेंशन तथा वित्तीय कर्जों के ब्याज के भुगतान में चला जाता है, जिसके चलते राज्यों के पास बुनियादी ढांचे को खड़ा करने के लिए वित्तीय उपलब्धता कम रहती है।

अब समय आ गया है कि केंद्र में आने वाली नई सरकार आर्थिक नीतियों के तहत इन राज्यों के लिए तीन बातों पर फोकस करे। पहली, इन राज्यों के नागरिकों तथा श्रमिकों में विभिन्न प्रकार के कौशलों का विकास किया जाए, ताकि उन्हें अच्छा रोजगार उपलब्ध हो। दूसरी, इन राज्यों की भौगोलिक संरचना के अनुसार जिन उद्योगों को यहां पर अधिक सफलता मिल सकती है, उनके लिए एक पूर्ण समर्पित आर्थिक नीति बनाई जाए। तीसरी सबसे महत्वपूर्ण बात, कि भारत के युवाओं को अपने स्टार्टअप्स को पूर्वोत्तर के इन राज्यों पर केंद्रित करने चाहिए तथा उच्चतर शिक्षण संस्थाओं (आईआईटी और आईएमएम) में इन राज्यों के विकास के संबंध में विशेष तौर पर उद्यमिता से संबंधित विशेष पाठ्यक्रम संचालित किए जाएं, ताकि युवा अपनी उद्यमिता के सफर के लिए इन राज्यों के प्रति अग्रसर हों।

# समान नागरिक संहिता- प्रगतिशील समाज के लिए जरूरी पहल, इसमें निहित हैं व्यापक हित

**- हरबंश दीक्षित**

> समाज के व्यापक हितों के मद्देनजर समाज के पंथनिरपेक्ष हित चिंतकों को आगे बढ़कर समान नागरिक संहिता की दिशा में पहल करने की जरूरत है, ताकि हम एक प्रगतिशील समाज बन सकें।

उत्तराखंड सरकार ने विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश किया है। जानकारी के अनुसार, इसमें सभी नागरिकों के कल्याण के लिए एक जैसे कानून का प्रस्ताव है। हलाला तथा तीन तलाक जैसी अमानवीय प्रथाओं को प्रतिबंधित कर दिया गया है। सभी धर्मों की तलाकशुदा महिलाओं के लिए समान रूप से भरण-पोषण की व्यवस्था की गई है। सभी लड़कियों के विवाह की न्यूनतम उम्र 18 वर्ष कर दी गई है। लिव-इन संबंधों के कारण अक्सर विवाद और हिंसा की खबरें आती रहती हैं। इससे निपटने के लिए उनका पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। बहुपत्नी प्रथा को समाप्त करके सभी के लिए केवल एक विवाह का नियम प्रस्तावित है।

संविधान के अनुच्छेद 44 में समान नागरिक संहिता की स्पष्ट व्यवस्था के बावजूद सरकारें इस दिशा में आगे कदम बढ़ाने से हिचकती रहीं। संविधान का अनुच्छेद 44 सबसे अधिक दुष्प्रचारित हिस्सों में से एक है। इस उपबंध के साथ बहुत अन्याय हुआ है। इसमें देश के सभी नागरिकों के लिए एक जैसा कानून बनाने की बात कही गई है। इसमें सरकार से अपेक्षा की गई है कि वह लिंग, क्षेत्र, भाषा की परवाह किए बगैर सभी के लिए एक जैसा कानून बनाए, जो मानवीय गरिमा का सम्मान करे, उसे सुरक्षा बोध दे और सभ्य समाज के मानकों पर खरा भी उतरे। दुर्भाग्यवश अनुच्छेद 44 की इस पवित्र मंशा को आगे बढ़ाने, उस पर तार्किक बहस करने के बजाय उसे सांप्रदायिक रूप देकर अछूत बना दिया गया। सुप्रीम कोर्ट का आग्रह बेकार गया। यह दस्तूर आज भी कायम है।

संविधान निर्माताओं ने महसूस किया कि विवाह और भरण-पोषण से जुड़े मामलों का संबंध किसी पूजा-पद्धति से नहीं है, बल्कि इसका संबंध इंसानियत से है। निःसंतान व्यक्ति




यदि किसी बच्चे को गोद लेकर अपनी वंश-परंपरा को आगे बढ़ाना चाहता है या उससे उसको सुरक्षा बोध का एहसास होता है, तो उससे किसी पूजा-पद्धति की अवमानना कैसे हो सकती है? यदि किसी कानून से किसी महिला को सामाजिक सुरक्षा मिलती है या पति से अलग होने या पति के नाराज होने के बाद उसे दर-बदर भटकने के बजाय गुजारे-भत्ते की व्यवस्था की जाती है, तो इसमें उसका धर्म कहां से आड़े आता है? महिला-पुरुष के वैवाहिक संबंधों में यदि समानता सुनिश्चित की जाती है, तो इससे किसी भी सभ्य समाज को शर्मिंदगी नहीं, अपितु गर्व होना चाहिए।

आजादी के बाद हिंदू विधि में व्यापक परिवर्तन किए गए। हिंदू विवाह अधिनियम द्वारा बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाया गया। पति-पत्नी को विवाह-विच्छेद करके सम्मानपूर्वक एक-दूसरे से अलग रहने का अधिकार दिया गया। महिलाओं को भरण-पोषण का अधिकार दिया गया। पिता की संपत्ति में बेटियों को भी अधिकार देने की परंपरा शुरू हुई। संतान को गोद लेने के मामलों में भी पति के एकाधिकार को तोड़ते हुए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने की कोशिश की गई। हिंदू कानून में किए गए सुधारों में मानवाधिकारों और समानता के सिद्धांतों की तरजीह दी गई। पर वोट बैंक खिसकने की स्वार्थी सोच के कारण दूसरी जगहों पर ऐसा नहीं हो सका और उन्हें बेहतरी के मौके से लगातार वंचित रखा गया।

आधुनिक सोच का लाभ दूसरे मतावलंबियों को भी हासिल हो, इसके लिए अदालतें लगातार कोशिश करती रही हैं। मोहम्मद अहमद खान बनाम शाहबानो मामले (1985) में सुप्रीम कोर्ट ने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह खेद का विषय है कि अनुच्छेद 44 में तय राज्य की जिम्मेदारी अब निर्जीव शब्द समूहों का संग्रह बनकर रह गई है। अदालत ने कहा कि मुस्लिम समाज को इस मामले में पहल करने की जरूरत है, ताकि प्रगति की दौड़ में वे दूसरों से पीछे न रहें। हैरानी की बात यह है कि शाहबानो के जिस मुकदमे में सुप्रीम कोर्ट ने लोगों से आगे बढ़ने की पहल का आह्वान किया, उसके दुष्प्रचार ने समान नागरिक कानून की पहल को सबसे मर्मांतक चोट पहुंचाई। उसके बाद सरला मुद्गल तथा लिली थॉमस जैसे कई प्रकरणों में सर्वोच्च न्यायालय ने समान नागरिक कानून के नहीं होने के दोषों को उजागर करते हुए इसका तुरंत क्रियान्वयन करने का निर्देश दिया।

वैवाहिक मामलों में वैयक्तिक विधि के दुरुपयोग से विचलित होकर अदालत ने कहा कि अब तो इसका दुरुपयोग कानून को धोखा देने के लिए होने लगा है। जब वैवाहिक साथी से छुटकारा पाना हो, तो कुछ समय के लिए अपना धर्म बदलकर दूसरी शादी कर ली, क्योंकि दूसरे धर्म से जुड़े कानून में उसे मान्यता दी गई है। उसके बाद अपनी मर्जी से तलाक देकर उस महिला से छुटकारा पा लिया, क्योंकि उस धर्म का कानून इसकी इजाजत देता है। सुप्रीम कोर्ट और कई विद्वानों ने इसी कमी की ओर बार-बार इशारा किया, पर हमारे राजनीतिक नेतृत्व के ऊपर इसका कोई असर नहीं पड़ा। प्रो ताहिर महमूद ने अपनी पुस्तक मुस्लिम पर्सनल लॉ (1977) में तथा न्यायमूर्ति एमएच बेग ने इम्पैक्ट ऑफ सेक्यूलरिज्म (1973) में भी संविधान के अनुच्छेद 44 को अमली जामा पहनाने का आह्वान किया, किंतु शाहबानो प्रकरण के दुःस्वप्न से अब भी कोई उबरने को तैयार नहीं है। समाज के व्यापक हितों के मद्देनजर समाज के पंथनिरपेक्ष हित चिंतकों को आगे बढ़कर इस दिशा में पहल करने की जरूरत है, ताकि हम एक प्रगतिशील समाज के रूप में एकजुट हो सकें।

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 64- राम-लक्ष्मण को देखकर भावविभोर हो गए राजा जनक

**- डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



आप तो प्रजापालक हैं महाराज जनक! यह उपवन क्या इस राज्य का कण-कण आपके उदार स्वभाव की गाथा कहता है। यह उपवन आपके राजप्रासाद से कहीं कम नहीं। गुरु विश्वामित्र ने उत्तर दिया।

श्री राम और लक्ष्मण जी ने महाराज जनक को प्रणाम किया।रूप, सौंदर्य और शौर्य से दीप्त इस युगल छवि को देखकर महाराज जनक भावविभोर हो गए।उन्होंने दोनों कुमारों को आशीर्वाद दिया। मुनिवर!आपके आश्रम से लेकर मिथिला तक घने वन हैं। ज्ञात हुआ है कि आप लोग पैदल ही चल कर आ रहे हैं। आपने मुझे संदेश भिजवा दिया होता तो मैं आपकी सेवा में स्वयं उपस्थित हो जाता।÷महाराज जनक ने कहा।

साधु स्वयं अपने संसाधनों पर विश्वास रखते हैं राजन! हम विभिन्न राज्यों से सहायता तभी लेते हैं जब लोकहित में ऐसा करना आवश्यक हो जाता है। अगर ऋषि - मुनि अपने व्यक्तिगत कार्यों के लिए राज्याश्रय लेने लगें, तो वे समष्टि के कल्याण के अपने लक्ष्य से भटक जाएंगे और सुख सुविधाओं की तरफ मुड़ जाएंगे। महर्षि विश्वामित्र ने कहा।

आप उचित कह रहे हैं देव! तो यह निश्चित है कि आपने मिथिला पर अकारण ही यह कृपा की है और आपका जनकपुर में स्वागत और अभिनंदन है। क्या मैं इन दोनों दिव्य रूप वाले कुमारो का परिचय जान सकता हूं? राम और लक्ष्मण की ओर संकेत करते हुए राजा जनक ने कहा।

विश्वामित्र जी ने हंसते हुए कहा, आपको क्या प्रतीत हो रहा है राजन?

अवश्य ही ये दोनों कुमार आपके शिष्य हैं और आपकी आध्यात्मिक विरासत के उत्तराधिकारी हैं। मेरा यह अनुमान सही नहीं भी हो सकता है क्योंकि इनके पास धनुष बाण हैं और इनके मुख पर अपूर्व तेज है।अगर ये योद्धा हैं तो किसी राज्य की सेना से संबंधित होंगे, किंतु ये किशोरवय हैं, इससे यह अनुमान भी हो रहा है कि ये किसी राज्य के राजकुमार हैं। इनके मुख पर एक दैवीय आभा है। ऐसी सौम्यता और अलौकिक छवि तो केवल श्री हरि विष्णु के पास ही है। क्या वे स्वयं नररूप धारण कर आपके साथ भ्रमण पर हैं? राजा जनक ने एक साथ अनेक संभावनाएं व्यक्त कर दीं।

महर्षि विश्वामित्र ने मुस्कुराते हुए कहा, यह सत्य है कि ये मेरे शिष्य हैं। ये एक राज्य के सैन्य विभाग की ओर से एक सफल सैन्य अभियान पूर्ण कर चुके हैं, अतः ये सेना से संबंधित हैं और एक राज्य के राजकुमार भी हैं। आपकी तीसरी जिज्ञासा के संबंध में मैं अभी कोई घोषणा करना नहीं चाहता हूं। ब्रह्म तो ब्रह्म हैं और उसे देखने के लिए दिव्य दृष्टि चाहिए।

(भगवान श्री विष्णु के मनुज अवतार भगवान श्री राम की कथा हजारों वर्षों से भारतीय जनमानस में प्रचलित है। संस्कृत और हिंदी साहित्य से लेकर विश्व की अनेक भाषाओं में अब तक सैकड़ों रामायण लिखी गई हैं। लेखक ने इस रचना में रामकथा का एक साधारण भक्त की अपनी कल्पनादृष्टि से, मूल कथा सूत्रों के रचनाकारों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -331

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**
1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

**ऊपर से नीचे**
1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 330 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ला | लू | प्र | सा | द | या | द | व | |
| प | | ति | | | र | क्ष | क | |
| र | ह | मा | न | | | | | आ |
| वा | | | मि | थु | न | | दा | स |
| ह | वा | ला | त | | सी | ता | | पा |
| | न | | | | ब | क | वा | स |
| औ | र | त | | म | | त | | |
| ला | | बे | च | ना | | व | च | न |
| द | ह | ला | | ना | ग | र | | दी |

## सू- दोकू क्र. 331

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |


**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.330 का हल**


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |


## राशिफल


**मेष**
आपके लिए आज का दिन शुभ है। आज आप जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं। कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा। धैर्य और विनम्रता रखें। आज किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत हो सकती है।


**वृषभ**
आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज घर के बड़ों की मदद से आपका जरूरी काम पूरा हो जाएगा। किसी रिश्तेदार से आपको कोई अच्छी खुशखबरी मिलेगी। जीवनसाथी आज आपकी हर बात समझने की कोशिश करेंगे, इससे रिश्तों में नयापन आएगा। समाजिक कार्यों में सहयोग देने से आपको अच्छा फील होगा।



**मिथुन**
आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करें। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है।



**कर्क**
आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया वाला रहेगा। आज किसी दूर के भाई या बहन से आपकी फोन पर बात होगी, जिससे आपको अच्छा लगेगा। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। महिलाए आज ऑलाईन कोई नई डिश सीखने की कोशिश करेंगी। पिता का सहयोग आपके साथ रहेगा।


**सिंह**
आज आपका दिन शानदार रहेगा। परिवार के सामने आपको अपनी राय रखने का पूरा मौका मिलेगा, आपकी योजना से लोग काफी प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। आज आपको अपनी वाणी पर संयम बनाये रखना चाहिए। किसी बात को लेकर ज्यादा जिद्द करने से बचना चाहिए।



**कन्या**
आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आपके कोर्ट-कचहरी के मामले थोड़े अटक सकते है, लेकिन समय रहते सब ठीक होगा। आज आप जो भी व्यापार शुरू करेंगें, उसमें सफलता हासिल होगी। आज आपको किसी दोस्त का भी सहयोग मिलेगा। परिवार का हंसी-मजाक भरा बरताव घर के वातावरण को खुशनुमा बनाये रखेगा।



**तुला**
आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आज किसी नए काम को शुरू करने से पहले पूरी योजना बनाएंगे और साथ ही माता-पिता से सलाह लेंगे। आज सरकारी कामों में नीति व नियमों पर पूरा ध्यान देंगे तो आपको काम करने में आसानी होगी। आज आपको किसी मामले में जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा।


**वृश्चिक**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको किसी के मामलों में दखल देने से बचना चाहिए। किसी बड़े प्रोजेक्ट में पैसा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले किसी समझदार व्यक्ति से सलाह जरूर ले। आज आपके ऊपर परिवार की कुछ जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी, जिन्हें आप पूरा करेंगे।


**धनु**
आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज पास की किसी धार्मिक गतिविधि में शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज किसी मामले में दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा होगा। जरूरी काम और रिश्ते के बारे में विचार करेंगे और योजना बनाएंगे। परिवार से जुड़ी कोई परेशानी खत्म होने के योग हैं।


**मकर**
आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज रोजमर्रा के कामों में आपको ज्यादा समय लग सकता है। पिता बच्चों की इच्छाएं पूरी करने की कोशिश करेंगे। इस राशि के जो लोग नया बिजनेस करना चाहते हैं उनके लिए आज मार्केट एनालिसिस करना बेहतर होगा। आज कोई नई जिम्मेदारी आपको मिलेंगी, जिसे आप बखूबी पूरा करने में सफल रहेंगे।


**कुंभ**
आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज जो भी काम शुरू करेंगे वो समय पर पूरा हो जाएगा। आपको करियर से संबंधित नए अवसर मिलेगा। नए व्यापार को शुरू करने में बड़े भाई का सहयोग मिलेगा। कॉमर्स के विद्यार्थी आज मार्केटिंग को समझने के लिए शिक्षको की सहायता लेंगें, जो आपके भविष्य में बेहद काम आएंगी।


**मीन**
आज आपका मन नई उमंगों से भरा रहेगा। हर कोई आपसे राय लेना चाहेगा। ऑफिस के लोगों में आपका रुतबा बनेगा। किसी विशेष व्यक्ति से आज आपकी बात हो सकती है। आपको आर्थिक रूप से भी लाभ मिलेगा, धन के नये स्रोत प्राप्त होंगे। छोटे बच्चे आज बहुत खुश रहेंगे, वो अपने लिए कोई नया खेल तलाश करेंगें।



**स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री बुधराम साहू के जन्मदिन पर विशेष..**

# ‘जिनमें भरा है देश प्रेम का जज्बा’

**सोहन लाल साहू**



स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. श्री बुधराम साहू पिता सोनू राम साहू छात्र जीवन से ही उनमें देश प्रेम और समाज सेवा का जज्बा कूट-कूट कर भरा था।

श्री साहू जी का जन्म दुर्ग शहर के पास बालोद रोड़ में, ग्राम कुथरेल में 12/02/1924 को हुआ था। गाँव की पाठशाला में इनके सेनानी साथी स्व. त्रिलोचन साहू, स्व0 लखनलाल चन्द्राकर, गिरधारीलाल मानिकपुरी स्वयं स्व. कन्हैयालाल साहू थे ये सभी गाँव में घूम-घूम कर आजादी के लिए पर्ची बाँटना खादी वस्त्र पहनने के लिए लोगों को प्रेरित किया करते थे। इसी बीच महात्मा गांधी का दुर्ग आगमन हुआ। गाँधी जी के दर्शन कर एवं विचारों को सुनकर इनका मनोबल अत्यधिक बढ़ा।

सन् 1942 में अंग्रेजों को भारत छोड़ो आन्दोलन के दौरान पाँच सेनानियों को अंग्रेज पुलिस द्वारा गिरफ्तार भी किया गया। दुर्ग के जिला न्यायालय में मुकदमा चला और छः-छः माह की सजा सुनाई गई। रायपुर केन्द्रीय जेल में छः माह तक की सजा काटी। वे गरीब किसान परिवार से ताल्लुख रखते थे। गरीबी एवं आर्थिक तंगी के कारण अपनी जन्म-भूमि छोड़कर राजनांदगांव के बी.एन.सी. मिल में मजदूरी का कार्य सन् 1944 से करने लगे 15 अगस्त 1947 को देश आजाद हुआ तो साहूजी को अपने आजादी के लिए किये गये आंदोलन का सुखद परिणाम मिला।

बाद में बी.एन.सी. मिल में मजदुर आन्दोलन शुरु हुआ, वे उसका नेतृत्व करने लगे। इस आन्दोलन में उनको गिरफ्तार किया गया। मजदूरों ने इसका विरोध किया, इस कारण पुलिस द्वारा लाठी, गोली बरसाई गई जिसमें दो मजदुर शहीद हुए एवं कई मजदूर घायल हुए परन्तु आपने आंदोलन में पूरा साहस दिखाया। आंदोलन में नौ माह की सजा सुनाई गई एवं रायपुर सेन्ट्रल जेल भेज दिए गए।

मोतीपुर ग्राम (राजनांदगाँव) पंचायत में सन् 1974 तक सरपंच पद का संचालन सफलता पूर्वक किए, इसी वर्ष मोतीपुर, चिखली एवं नंदई ग्राम पंचायत को राजनांदगाँव शहर में विलय किया गया। जिला राष्ट्रीय बीड़ी मजदूर संघ में आप महामंत्री के पद पर कार्यकर मजदूर हित में कार्य किए। जीवन पर्यन्त मोतीपुर वार्ड की जन समस्या, मजदूरों की समस्या का हल समय-समय पर करते रहे। भारत सरकार द्वारा सन् 1972 में इन्हें तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा ताम्रपत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। आप अपने स्वभाव के कारण तात्कालीन सांसद राम सहाय पांडेजी, राजस्व मंत्री पं. किशोरीलालजी शुक्ला एवं विधायक बलबीर खनुजा के अत्यधिक सम्पर्क में रहे। इन्हीं के माध्यम से आप अधिकतर समस्या का हल करने का भरसक प्रयास करते रहे। 23 अप्रेल 1996 को अस्वस्थ होने के कारण आपका स्वर्गवास हो गया।

**- मोतीपुर, बजरंगपुर -नवागांव वार्ड नं. 2**
**मो. नं.- 9691161915**

# भाजपा का गांव चलो अभियान को मिल रहा अच्छा प्रतिसाद

## जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सीताडबरी में ग्रामीणों के साथ किया संवाद भोजन और रात्रि विश्राम कर कार्यकर्ताओं का हाल चाल जाना

**० छुईखदान के सीताडबरी सेक्टर पहुंचे जिपं. उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह**
**० ग्रामीणों मे दिखी उत्सुकता का माहौल**



*(देवेश सोनी)*

छुईखदान (दावा)। भाजपा के राष्ट्रीय और प्रदेश व जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार मण्डल स्तर पर चलाये जा रहे गाँव चलो घर-घर चलो अभियान के तहत प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य व राजनांदगांव जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह छुईखदान मण्डल के ग्राम सीताडबरी सेक्टर पहुँचे। सर्वप्रथम भाजपा बूथ समिति व पन्ना प्रभारियों की बैठक लेकर बिंदुवार समीक्षा किये व वाट्सएप ग्रुप बनाकर ब्रांड एंबेसडर बनाये तत्पश्चात नेशनल बॉक्सिंग खिलाड़ी हेमन्त धुर्वे के घर जाकर मुलाकात किये उसके बाद जनसंघ से जुड़े हुए वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के घर जाकर मुलाकात किये इसके बाद विक्रांत सिंह ग्राम के मिडिल स्कूल के निरीक्षण करने पहुंचे जहां छात्र-छात्राओं से सवाल भी किये व सही जवाब देने वाले प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गिफ्ट देकर पुरुस्कृत भी किये।

### आंगनबाड़ी केंद्र पहुंचकर महिलाओं और बच्चों का हाल जाना

श्री सिंह अपने कार्यक्रम के तहत समय निकालकर आंगनबाड़ी केन्द्र जाकर महतारी वंदन योजना के तहत फार्म जमा कर रही महिलाओं से चर्चा किये, जिसमें महिलाओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति इस योजना को लागू करने पर आभार जताया। इसके बाद अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों के घर जाकर मुलाकात किये व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभान्वित परिवारों के घर जाकर हितग्राहियों से मुलाकात किये तत्पश्चात ग्राम के शीतला मन्दिर प्रांगण में स्वच्छता अभियान में सहभागिता निभाई व पूजा अर्चना में सम्मिलित हुए। इसके बाद गाँव के भवन चौक में वृक्षारोपण किये तत्पश्चात ग्रामवासियों के साथ रामायण कार्यक्रम में शिरकत किये।

### कार्यकर्ता के घर पर किये भोजन और विश्राम

श्री सिंह अपने गांव चलो अभियान के तहत आज सिताडबरी के पुराने कार्यकर्ता बलराम जंघेल के यहां भोजन कर रात्रि विश्राम किये। इस दौरान छुईखदान मण्डल भाजपा अध्यक्ष नेतराम जंघेल, युवा मोर्चा अध्यक्ष ललित चोपड़ा, भाजपा नेता अशोक साहू, श्रवण जंघेल, ग्राम पटेल हेमन्त वर्मा, रामकिशन जंघेल, रेखचन्द जंघेल, टीकम साहू, गजेन्द्र पटेल बलराम जंघेल, ओमप्रकाश जंघेल, गिरधारी जंघेल, सदाराम जंघेल, अंकालू साहू, हेमलाल जंघेल, मन्नू यादव, कमलनारायण, हेमन्त धुर्वे, अजय जंघेल, चितरंजन सेन, मोहन जघेल सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शहर मंडल के बूथ क्रमांक 136 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी दस्तक



डोंगरगढ़ (दावा)। गांव चलो अभियान के तहत मंडल उपाध्यक्ष अचला ठाकुर के नेतत्व में शहर मंडल के बूथ क्रमांक 136 में भाजपा कार्यकर्ताओं ने दस्तक दी। प्रदेश एवं जिला भाजपा के आदेशानुसार गांव चलो अभियान के तहत डोंगरगढ़ शहर मंडल के बूथ क्रमांक 136 में 9 फरवरी दिन शुक्रवार को नगरीय बूथ प्रवासी श्रीमती अचला सिंह ठाकुर की उपस्थिति में बुथ समिति के सदस्यों एवं पन्ना प्रभारियों की बुथ प्रवासी में अचला ठाकुर को दायित्व दिया गया। बुथ क्रमांक 136 वार्ड नं 12 में बुथ अध्यक्ष भाई चितरंजन साहु, पोलेश्वरी यादव, लक्ष्मी यादव, पिन्नु सहित सभी के साथ सर्वप्रथम शिव मंदिर में पूजा अर्चना करके गीता मानिकपुरी से मिलकर हाल चाल जाना, नगरपालिका के रिटायर्ड कर्मचारी से मुलाकात की नवमतदाता से मिले।

**जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर आमजनों में जागरूकता लाई गई**

आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर महिलाओं एवं बच्चों को होने वाली समस्याओं का निदान हेतु महिला बाल विकास अधिकारी से चर्चा कर महिलाओं को विस्तार से समझाया गया। किराना दुकानदार वीरु साहु से मिलकर उनका हाल-चाल जाना। महिला समुह के बहनों को प्रधानमंत्री मोदी जी की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित चर्चा की गई। लाभार्थियों से चर्चा कर भविष्य में आने वाले लोकसभा चुनाव में हमको कैसे मेहनत कर हर घर से महिलाओं को जागरूक बनाकर मोदी जी के हाथों को और मजबूती प्रदान करना है के संबंध में जागरूक किया गया।

# यातायात जागरुकता अभियान से प्रेरित होकर स्वेच्छा से 25 लोगों ने आज हेलमेट खरीदकर पहनने की शपथ ली



खैरागढ़ (दावा)। जिले के पुलिस कप्तान त्रिलोक बंसल (आईपीएस) के निर्देशन में जिले की यातायात व्यवस्था को सुचारु रूप से संचालित करने एवं मृत्यु, गंभीर चोंट जैसी बड़ी दुर्घटनाओं को रोकने हेतु जिले के सभी थानों एवम यातायात शाखा खैरागढ़ को आवश्यक दिशा निर्देश प्राप्त हुआ जिसके परिपालन में यातायात पुलिस खैरागढ़ एवं पुलिस चौकी जालबांधा द्वारा चालान नहीं समाधान का मूल मंत्र ध्यान में रखते हुए लोगों को हेलमेट लगाने के महत्व को बताते हुए हेलमेट लगाने से होने वाले क्षति एवं चालान से मुक्ति के बारे में बता कर पुलिस चौकी जालबांधा अंतर्गत ग्राम शेरगढ़ तिराहा पर चालान नहीं समाधान यातायात जागरूकता अभियान प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रतिभा लहरे एवं यातायात प्रभारी निरीक्षक शक्ति सिंह के नेतृत्व में चलाया गया, जिससे प्रेरित होकर राह में आने जाने वाले बिना हेलमेट लगाए वाहन चालकों ने स्वेच्छा से हेलमेट क्रय कर पुलिस अधीक्षक महोदय के दिशा निर्देश पर चलाए जा रहे यातायात जागरूकता अभियान को सफल बनाया है। प्रथम चरण में इसी प्रकार के चालान नहीं समाधान जैसे यातायात जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं इसके पश्चात द्वितीय चरण में पुनः यातायात के नियमों के अवहेलना करने वालों पर चालानी कार्यवाही की जाएगी इसकी भी समझाईश दिया जा रहा है।

**पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल के निर्देशन पर जिले में चलाया जा रहा यातायात जागरूकता अभियान**

## गांव चलो अभियान के संबंध मे ढारा में बैठक संपन्न



डोंगरगढ़ (दावा)। जिला भाजपा के निर्देशानुसार भाजपा ग्रामीण मंडल डोगरगढ़ गांव चलो अभियान के संबंध में चल-प्रशिक्षण भाजपा के विशेष बैठक ग्राम ढारा में पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, ग्रामीण मंडल डोगरगढ़ प्रभारी सुरेंद्र सिंह बनवाना की उपस्थिति में दोपहर 1 बजे ढारा के लोधी भवन बैठक संपन्न हुई। बैठक में भाजपा ग्रामीण मंडल के अंतर्गत आने वाले सभी मंडल के पदाधिकारीगण, वरिष्ठ नेतागण, शक्ति केंद्र प्रभारी एवं संयोजकगण सहित सभी कार्यकर्ता शामिल हुए। गांव चलो अभियान के संबंध में समस्त कार्यकर्तागणों की उपस्थिति से सभी को जिम्मेदारी दी गई है।

# विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रयास से विभिन्न विकास कार्यो के लिये करोड़ों रुपयों का सौगात मिली



खैरागढ़ (दावा)। विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा के प्रयास से खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिये विभिन्न विभागों से वर्ष 2024-25 के लिये करोडों के विकास कार्य को शामिल किया गया जिसमें सुरहीनदी में ग्राम खौडा के पास स्टाप डैम निर्माण कार्य अनुमोदित लागत 250.00 लाख, सुरहीनदी में ग्राम भुरभुसी के पास एनिकट निर्माण कार्य 250.00 लाख, नर्मदा मंदिर के पास स्टाप डैम 250.00 लाख, लमतीनदी में ग्राम ठाकुरटोला के पास एनिकट निर्माण कार्य 300.00 लाख, सुरहीनदी में ग्राम मगरकुंड के पास एनिकट निर्माण कार्य 300.00 लाख, सुरहीनदी में ग्राम सुखरी के पास एनिकट निर्माण कार्य 300.00 लाख, आमनेर नदी ग्राम संडी के पास बाढ़ नियंत्रण कार्य 300.00 लाख, सुखा नाला जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य 250.00 लाख, बसाबर जलाशय के नहर लाइनिंग कार्य 250.00 लाख, कुटेलीकला जलाशय के नहरों लाइनिंग कार्य 250.00 लाख, डुण्डा डायवर्सन के नहरों का लाइनिंग कार्य 250.00 लाख, सोनभट्ठा जलाशय का जीर्णोधार व नहरों का लाइनिंग कार्य 280.00 लाख, सलोनी जलाशय के जीर्णोधार व नहरों का लाइनिंग कार्य 290.00 लाख, मदराकोही जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 295.00 लाख, बुड़ानभाट जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, कातलवाही जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, मगरकुंड फिडर जलाशय कार्य 300.00 लाख, भरदाकला जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, पासलखैरा जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, रामपुर जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, सोनपुरी डायवर्सन के नहरों की लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, सुरही जलाशय के विस्तार कार्य भरदा, विचारपुर मैनर, बुंदेली सहमैनर में लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, सुरही जलाशय के मुख्य नहर निर्माण धोधा मैनर, जगमड़वा मैनर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, डोकराभाठा जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, चेपटा खोल जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, नचनिया जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 300.00 लाख, सुरही जलाशय के मुख्य नहर विस्तार बुढ़ासागर मैनर, देवपुरा मैनर, बेंदरी मैनर, विस्तार एवं नहर लाइनिंग कार्य 500.00 लाख, चिलगुड़ा के पास स्टाप डैम निर्माण 250.00 लाख, ग्राम बिरखा के एनीकट कम रपटा निर्माण 290.00 लाख, कर्रा नाला में ग्राम बसाबर के पास एनीकट कम रपटा निर्माण 300.00 लाख, सेतवा जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 500.00 लाख, भेंडरा जलाशय के जीर्णोधार एवं नहर लाइनिंग कार्य 1200.00 लाख। इसी प्रकार लोक निर्माण विभाग में करमतरा से घुमर्रा पहुंच मार्ग 4.00 कि.मी. 600.00 लाख, बाजार अतरिया मेन रोड से भोरमपुर पहुंच मार्ग 2.50 कि.मी. 250.00 लाख, खैरागढ़ मेन रोड से ई.टी.ई भवन तक पहुंच मार्ग 2.00 कि.मी. 250.00 लाख, एडीबी सड़क मार्ग उदयपुर से बुंदेली मार्ग लं. 27.00 कि.मी. के फेस थ्री अतिरिक्त बजट 2500.00 लाख, खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के इन कार्यों को बजट में शामिल करने के लिये विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व सिचाई मंत्री केदार कश्यप व लोक निर्माण मंत्री अरूण साव को अभार व धन्यवाद ज्ञापित किया हैं।

## डोंगरगढ़ भाजपा मंडल द्वारा दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई



डोंगरगढ़ (दावा)। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भाजपा डोंगरगढ़ के कार्यकर्ताओं द्वारा सरकारी अस्पताल में मरीजों को फल वितरण किया गया एवं पण्डित दीनदयाल उपाध्याय को याद कर श्रद्धांजलि दी गई।

श्रद्धांजलि कार्यक्रम में प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अमित जैन, जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, प्रदेश संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ शशिकांत द्विवेदी, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ़, सुनील जैन, कुलवंत कक्कड़, द्वारिका शर्मा, आनंद अग्रवाल, मनीष दरगढ़, डिकेश राव, वीरेन्द्र साहू, लक्ष्मी यादव, अचला ठाकुर, संध्या यादव, तेजस्वी यादव, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, आवेश निगम, जयंत साहू, रतन कोसे, जैन साहू, अभिषेक साहू, जयप्रकाश साहू, गणेश साहू, मुकुंद कंडरा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भारतीय जनता युवा मोर्चा कप रोमांचक मोड़ पर



खैरागढ़ (दावा)। ग्रामीण स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट स्पर्धा का दसवां दिन का पहला मैच कुमही बिरुटोला के मध्य खेला गया, जिसमें बिरुटोला की टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए, निर्धारित पांच ओवर में 41 रन बनाये। जिस लक्ष्य के पीछा करते हुए कुमही ने तीन ओवर में हासिल कर लिया।

इस मैच के मैन ऑफ दी मैच रहे नन्द वहीं दूसरा मैच भुलाटोला और बाजार अतरिया के मध्य खेला गया, जिसमें भुलाटोला विजयी रही। वहीं तीसरा मैच लक्ष्मपुर और मुड़िपार के बीच खेला गया जिसमे लक्ष्मणपुर की टीम ने निर्धारित ओवर में साठ रन बनाये, जिस लक्ष्य का पीछा करते हुवे मुड़ीपार की टीम ने तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया, इस मैच में मैन ऑफ दी मैच का पुरस्कार मुढ़िपार के राजा को दिया गया।

वही अंतिम मैच बिडोरी और नवागाँव बीच खेला गया जिसमें नवागाँव जीत हासिल किये मैच मैन ऑफ दी मैच रहे अंकित राजपूत। आयोजन समिति सदस्य कमलेश साहू ने जानकारी दी। इस अवसर पर अनिमेष महोबिया, राजेश वैष्णव, सूर्या वैष्णव, सुजीत चंद्रकार, संदीप यादव, राहुल विश्कर्मा, डब्बू देवांगन, टीकम रजक, पंकज विश्कर्मा, मोनू गुप्ता और अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# खालसा स्कूल के चार विद्यार्थियों को सीए फाउंडेशन में मिली विशिष्ट वरीयता







**विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान**







डोंगरगढ़ (दावा)। शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी संस्था खालसा पब्लिक स्कूल डोंगरगढ़ के चार विद्यार्थियों को सीए फॉउंडेशन परीक्षा में विशिष्ट वरीयता के साथ सफलता प्राप्त हुई है। सीबीएसई 12 बोर्ड की विद्यालय की प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त किया है।

छात्रा विधि अग्रवाल 326/400, संजना अग्रवाल 314/400, दिशा चौधरी 314/400 एवं अनुष्का अग्रवाल ने 218/400 अंक प्राप्त कर उल्लेखनीय प्रदर्शन के साथ उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल की है। विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय, सिख एजुकेशन सोसाइटी के समस्त पदाधिकारी प्राचार्या, समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं तथा खालसा परिवार ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए इन्हें बधाई दी है।

### विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान

सीबीएसई 12 बोर्ड की प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त विद्यार्थियों की सफलता में सब्जेक्ट शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। शिक्षक अतुल कृष्ण दफेदार, अरूप भटाचार्य, अमित कौर भाटिया एवं सुष्मिता भटाचार्य सहित अन्य शिक्षकों द्वारा दिए गए योगदान की सराहना की जा रही है। प्रवीण सूची में आने वाले सभी विद्यार्थियों ने अपने प्रथम प्रयास में ही अपनी प्रतिभा के बल पर इस चुनौतीपूर्ण परीक्षा को उत्कृष्ट अंकों के साथ उत्तीर्ण किया है।

# व्यक्तित्व विकास का प्रभावी मंच है एनएसएस - कुलसचिव डॉ. नीता गहरवार




खैरागढ़ (दावा)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा समीपस्थ ग्राम खजरी में 7 दिवसीय विशेष शिविर की शानदार शुरुआत हो गई है। 'नशामुक्त समाज के लिए युवा' विषय पर केंद्रित इस शिविर का उद्घाटन कुलसचिव प्रो डॉ नीता गहरवार के मुख्य आतिथ्य में हुआ।

विश्वविद्यालय के एनएसएस प्रभारी डॉ. दिवाकर कश्यप ने बताया कि कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चन्द्राकर के संरक्षण तथा मार्गदर्शन में आयोजित होने जा रहे इस शिविर का उद्घाटन ग्राम पंचायत खजरी के सरपंच जेठू मारकंडे की अध्यक्षता में हुई।

मुख्य अतिथि डॉ. नीता गहरवार ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय द्वारा लगाए गए इस कैंप में सभी ग्रामीण बच्चे और ग्रामीणजन अधिकाधिक शामिल हों। राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों में गांव के बच्चे भागीदारी करेंगे, तो वह महाविद्यालयीन बच्चों के संपर्क में आयेंगे और कुछ नया सीखेंगे। डॉ. गहरवार ने बच्चों से कहा कि गांव के बच्चे कला-संगीत के विद्यार्थियों के साथ घुलेंगे-मिलेंगे, तो वह इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों के विषय में भी जानेंगे और वहां प्रवेश लेकर पढ़ाई करेंगे और आगे अपना भविष्य बनाएंगे। डॉ. गहरवार ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियां व्यक्तित्व विकास के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होती हैं, इसकी उपयोगिता हर विद्यार्थी और हर कैडेट को समझना चाहिए और इसका लाभ लेना चाहिए।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सरपंच श्री मारकंडे ने अपने संबोधन में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के प्रति इस विशेष शिविर के लिए आभार व्यक्त करते हुए ग्रामीणों और गांव के बच्चों से आग्रह किया कि इस शिविर में अधिक से अधिक भागीदारी निभाएं और सहयोग भी करें। श्री मारकंडे ने इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय में कार्यरत कला-संगीत के 2 मर्मज्ञ डॉ. नत्थू तोड़े और डॉ. लिकेश्वर वर्मा का उल्लेख करते हुए अपने संबोधन में ग्रामीणों से अपील की, कि इनसे प्रेरणा लेकर हमें अपने बच्चों को आगे बढ़ने और अपनी प्रतिभा को प्रतिस्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि डॉ. तोड़े और डॉ. वर्मा इसी गांव से संबंध रखते हैं।

कुलपति पद्मश्री डॉ. ममता (मोक्षदा) चंद्राकर के संरक्षण और मार्गदर्शन में होने जा रहे इस 7 दिवसीय आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त अधिष्ठाता, प्राध्यापक, सहा. प्राध्यापक, शिक्षक विशेषज्ञ वक्ता के रूप में शामिल हो रहे हैं, वहीं प्रतिदिन शाम 6 से 8 बजे एनएसएस कैडेट्स के द्वारा जन जागरूकता संबंधी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जा रही है। इसके अतिरिक्त आज 12 फरवरी की रात्रि 8 बजे इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय के नाट्यविभाग द्वारा उषा प्रियम्वदा की 'वापसी' कहानी पर आधारित नाट्य प्रस्तुति दी जाएगी, वहीं 13 फरवरी की शाम 5 बजे लोकसंगीत विभाग द्वारा विशेष सांस्कृतिक प्रस्तुति दी जाएगी। दोनों प्रस्तुतियां विभाग प्रमुख डॉ. योगेंद्र चौबे के निर्देशन में होंगी। विशेषज्ञ वक्ता के रूप में प्रो. डॉ. नमन दत्त (अधिष्ठाता, संगीत संकाय), डॉ. विवेक बिसेन (बीएमओ, खैरागढ़) डॉ. खुशबू बिसेन (चिकित्सक), डॉ. हरि हरि (सहायक प्राध्यापक), डॉ. प्रो. राजन यादव (अधिष्ठाता, दृश्य-कला संकाय), डॉ. रबि नारायण गुप्ता (सहायक प्राध्यापक), डॉ. अजय पांडेय (योग प्रशिक्षक), डॉ. योगेंद्र चौबे (विभागाध्यक्ष, नाट्य एवं लोकसंगीत विभाग), डॉ. मानस साहू (सह-प्राध्यापक), डॉ. जगदेव नेताम (सहायक प्राध्यापक), डॉ. लिकेश्वर वर्मा (सहायक प्राध्यापक), विवेक नवरे (सहायक प्राध्यापक), डॉ. देवमाईत मिंज (सह-प्राध्यापक), डॉ. छगेंद्र उसेंडी (सहायक प्राध्यापक) और विनोद डोंगरे (जन संपर्क अधिकारी) विशेषज्ञ वक्ता के रूप में इस शिविर में शामिल हो रहे हैं। प्रतिदिन अलग-अलग विषयों पर बौद्धिक परिचर्चा हो रही हैं।

शिविर के संयोजक डॉ. दिवाकर कश्यप ने बताया कि प्रतिदिन एनएसएस कैडेट्स के द्वारा गांव की साफ-सफाई, वृक्षारोपण, सामाजिक विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम सम्पन्न किए जा रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी लगातार प्रस्तुति हो रही है। विभिन्न गतिविधियों में ग्रामीणों की खूब भागीदारी इस शिविर को सार्थक बना रही है। ग्राम खजरी में इस शिविर के कारण इन दिनों पर्व जैसा वातावरण है, और एनएसएस कैडेट्स पूरे समर्पण के साथ शिविर में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। शिविर का समापन 14 फरवरी की सुबह 10 बजे राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला संगठक डॉ. सुरेश पटेल के मुख्य आतिथ्य में होगा।

## बूथ चलो अभियान के तहत शहर मंडल के बूथ क्रमांक 152 में पहुंचे भाजपाई



डोंगरगढ़ (दावा)। प्रदेश एवं जिला भाजपा के आदेशानुसार बूथ चलो अभियान के तहत डोंगरगढ़ शहर मंडल के बूथ क्रमांक 152 में दिनांक 10 फरवरी को नगरीय बूथ प्रवासी हरीश मोटघरे एवं बीजेपी के वरिष्ठ नेता हरविंदर एस मांगे, तुलसी मिश्रा, महेंद्र अग्रवाल, महामंत्री संतोष राव की उपस्थिति में बूथ अध्यक्ष ललित शर्मा एवं समिति के सदस्यों एवं पन्ना प्रभारियों के साथ संतोष राव के निवास में बैठक संपन्न हुई। बैठक में समिति के सदस्यों एवं पन्ना प्रभारियों की जिम्मेदारी सुनिश्चित की गई एवं आने वाले लोकसभा चुनाव में वोट प्रतिशत कैसे बढ़े, इस पर चर्चा की गई। साथ ही केंद्र के जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वार्ड के लोगों तक पहुचाने एवं लाभ दिलाने पर जोर दिया गया। वार्ड के आंगनबाड़ी में जाकर महिलाओं से भेंट कर महतारी वंदन योजना के फॉर्म ज्यादा से ज्यादा लोगों को भरने हेतु प्रोत्साहित किया। बैठक में संतोष देवांगन, शिवनारायण यादव, नरेंद्र पटेल, अजय शर्मा, अमित यदु, मोहन यदु, राम यदु, सूरज सेन, सुखलाल सिन्हा, अक्षय यादव, सत्यम यादव, दशरथ यादव, गोपी भगत, मेघनाथ सिन्हा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पहला कॉलम...

## पीएसजी ने लिले को 3-1 से हराया, 11 अंक की बढ़त के साथ शीर्ष पर किया कब्जा

पेरिस। पेरिस सेंट-जर्मेन ने लीग 1 की दो शीर्ष टीमों के बीच हुए मुकाबले में एलओएससी लिले पर 3-1 से जीत हासिल की और तालिका में शीर्ष पर 11 अंक की बढ़त बना ली है। शनिवार रात की जीत के साथ पीएसजी ने सभी प्रतियोगिताओं में अपना अजेय रहने का सिलसिला 16 मैचों तक बढ़ा दिया है। दोनों टीमों ने मैच की शुरुआत आक्रामक अंदाज में की। लिले ने छठे मिनट में बढ़त बना ली। लिले की 1-0 की बढ़त ज्यादा देर तक कायम नहीं रही, क्योंकि सेंट-जर्मेन ने कुछ मिनट बाद ही गोल दागा और स्कोर1-1 से बराबर हो गया। बराबरी करने के बाद पीएसजी ने जल्द ही इसे 2-1 की बढ़त में पलट दिया। फिर, दूसरे हाफ में पीएसजी ने भी आक्रामक अंदाज अपनाये रखा। दूसरे हाफ में सब्स्टीट्यूट के रूप में आए ब्रैडली बारकोला ने रैंडल कोलो मुआनी के साथ मिलकर स्कोर 3-1 कर दिया और पीएसजी को जीत दिला दी।

## ब्राजील के पूर्व स्ट्राइकर डिएगो ने लिया संन्यास

रियो डी जनेरियो। ब्राजील के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय स्ट्राइकर डिएगो सूजा ने पेशेवर फुटबॉल से संन्यास की घोषणा की है, जिसके साथ उन्होंने 20 साल से अधिक लंबे अपने करियर का अंत कर दिया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल दिसंबर में स्पोर्ट रेसिफ़ से अलग होने के बाद 38 वर्षीय खिलाड़ी किसी भी क्लब से जुड़े हुए नहीं थे। सूजा ने बताया, अब से मैं केवल टेलीविजन पर या स्टैंड में फुटबॉल का अनुसरण करूंगा। मैं अपने बच्चों और अपने परिवार के साथ अधिक समय बिताना चाहता हूं। मेरा करियर अच्छा रहा और मैंने खेल में जो कुछ भी हासिल किया है उसके लिए मैं आभारी हूं। सूजा ने 2003 में फ्लुमिनेंस में अपना करियर शुरू किया और बेनफिका, फ्लेमेंगो और मेटलिस्ट खार्किव सहित अन्य क्लबों में भी काम किया। उन्हें ब्राज़ील की राष्ट्रीय टीम के लिए सात मैच खेले हैं और दो गोल किए। जब उनसे उनके साथ खेले सर्वश्रेष्ठ फुटबॉलरों का नाम पूछा गया, तो उन्होंने रोमारियो, नेमार और रोनाल्डिन्हो का नाम लिया।

## बर्नले पर 3-1 की जीत के साथ शीर्ष पर लिवरपूल

लिवरपूल। डियोगो जोटा, लुइस डियाज़ और डार्विन नुनेज के गोलों की बदौलत बर्नले पर 3-1 की जीत के साथ लिवरपूल ने तालिका में शीर्ष स्थान पर अपनी जगह बना ली है। दिन की शुरुआत मैनचेस्टर सिटी की एवर्टन के खिलाफ 2-0 की जीत के साथ हुई। साथ ही इसके बाद लिवरपूल के पास मौका था एक जीत के साथ फिर से तालिका में नंबर-1 बनने का। जोटा के 31वें मिनट के ओपनर ने शनिवार की रात लिवरपूल को मैच में आगे किया। हालांकि, ओशिआ ने पहले हॉफ से ठीक पहले गोल कर बर्नले को बराबरी पर रखा। हालांकि, दूसरे हाफ के शुरुआती चरण में डियाज़ ने टीम को बढ़त दिलाई और नुनेज़ ने जल्द ही जीत भी पक्की कर ली। धीमी शुरुआत के बाद लिवरपूल ने दबाव बनाना शुरू कर दिया। बर्नले के पास जल्दी-जल्दी स्कोर बराबर करने के तीन बेहतरीन मौके थे, लेकिन वो ऐसा नहीं कर पाए। लिवरपूल के लिए योगो जोटा (31), लुइस डियाज़ (52) और डार्विन नुनेज (79) ने गोल किये , जबकि बर्नले के लिए एकमात्र गोल डारा ओसिहा (45) ने किया। एनफील्ड में लगातार तीसरी लीग जीत से लिवरपूल के 54 अंक हो गए हैं, जो दूसरे स्थान पर मौजूद मैनचेस्टर सिटी से दो अधिक हैं, जबकि बर्नले 13 अंकों के साथ 19वें स्थान पर है। वहीं ल्यूटन टाउन 17वें स्थान से सात अंक पीछे है।

## सनराइजर्स ने लगातार दूसरी बार जीता एसए20 का खिताब

केपटाउन। सनराइजर्स ईस्टर्न केप ने शनिवार को न्यूलैंड्स में डरबन सुपर जाइंट्स पर 89 रनों की जीत के बाद लगातार दूसरी बार एसए 20 चैंपियनशिप खिताब पर अपना कब्जा जमाया है। ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के बाद सनराइजर्स ने फाइनल में भी शानदार प्रदर्शन किया। शनिवार रात 205 रन का टारगेट चेज कर रही डरबन सुपर जायंट्स 17 ओवर में 115 रन पर ऑलआउट हो गई।

इससे पहले, सनराइजर्स ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी और 20 ओवर में 3 विकेट पर 204 रन बनाए। सनराइज के लिए टॉम एबेल (55) और ट्रिस्टन स्टब्स (नाबाद 56) ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं, जबकि जॉर्डन हरमन और कप्तान एडेन मार्कराम ने 42-42 रन का योगदान दिया।

# बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह बने यूपी कुश्ती संघ के अध्यक्ष

नई दिल्ली। डब्ल्यूएफआई की एजीएम बैठक में यूपी अध्यक्ष समेत कई पदों पर चुनाव संपन्न हुआ. जिसमें बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र करण भूषण सिंह सिंह उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के अध्यक्ष बनाए गए. भारतीय कुश्ती संघ का चुनाव होने के बाद संजय सिंह को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद कई पदों की रिक्तियां खाली थीं, जिसमें आज हुए चुनाव को लेकर भारतीय कुश्ती संघ के प्रदेश अध्यक्ष समेत कई पदों का चुनाव संपन्न होने के बाद पदाधिकारी बनाए गए हैं.

बता दें कि गोंडा जिले में आज रविवार (11 फरवरी) को भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बबलू द्वारा एजीएम की बैठक आयोजित की गई थी. जहां पर उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ को लेकर के अध्यक्ष समेत कई पदों पर चुनाव संपन्न हुआ, जिसमें भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह को उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ का अध्यक्ष और सुरेश चंद्र उपाध्याय को महासचिव चुना गया.



बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के पुत्र को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने के बाद लगातार लोगों द्वारा फोन कर बधाइयां दी जा रही है और भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बबलू ने मिठाई खिलाकर बधाई दी. आज गोंडा जिले के नवाबगंज में भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बबलू के नेतृत्व में एजीएम की बैठक हुई बैठक में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ का चुनाव सेवानिवृत न्यायाधीश अनिल कुमार सिंह की निगरानी में कराया गया. उत्तरप्रदेश कुश्ती संघ के चुनाव में भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बबलू द्वारा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह के नाम का प्रस्ताव रखा गया. जिस पर सभी लोगों ने करण भूषण सिंह के नाम का स्वागत किया. इसके बाद करण भूषण सिंह को उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ का अध्यक्ष चुना गया और सुरेश चंद्र उपाध्याय को महासचिव, वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर संजय कुमार सिंह, उपाध्यक्ष के पद पर विजय शंकर यादव, जयप्रकाश शर्मा, सुशील राजपूत, आदित्य प्रताप व आनंद देव उपाध्याय निर्वाचित किए गए.

वहीं जॉइंट सेक्रेटरी के दो पदों पर चंद्र विजय सिंह और छतर सिंह, इसके साथ ही कोषाध्यक्ष के एक पद के लिए अखंड वीर सिंह निर्विरोध निर्वाचित किए गए. वहीं इस बैठक में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ की तरफ से 5 एजीएम भी चुने गए हैं. इस चुनाव में ओलंपिक एसोसिएशन की तरफ से परमेंद्र सिंह व भारतीय कुश्ती संघ द्वारा नामित एसपी देशवाल बतौर पर्यवेक्षक उपस्थित रहे. भारतीय कुश्ती संघ द्वारा आयोजित की गई एजीएम की बैठक में उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ चुनाव को लेकर के प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने भारतीय कुश्ती संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय सिंह बबलू का उत्तर प्रदेश के नवनिर्वाचित अध्यक्ष करण भूषण सिंह का माल्यार्पण कर स्वागत किया. भारतीय कुश्ती संघ की एजीएम की मीटिंग के दौरान राजीव सिंह, रानू, विकास बागी, संतोष बंटी, अभिषेक सिंह, गोलू, हिंदू भूषण, नवाबगंज अध्यक्ष सत्येंद्र सिंह समेत कई लोग उपस्थित रहे.

## ऑस्ट्रेलिया ने फिर तोड़ा भारत का सपना, अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में 79 रन से हराया

बेनोनी। अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में भारत का मुकाबला रविवार (11 फरवरी) को ऑस्ट्रेलिया से था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। 50 ओवर में कंगारुओं ने सात विकेट पर 253 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम 43.5 ओवर में 174 रन पर सिमट गई।



सीनियर स्तर पर विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023 फाइनल और वनडे विश्व कप 2023 फाइनल में भारत को हराने के बाद अब ऑस्ट्रेलिया ने जूनियर स्तर पर भी भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया है। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के बेनोनी में खेले गए अंडर-19 विश्व कप के फाइनल में टीम इंडिया को 79 रन से शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया ने 50 ओवर में सात विकेट पर 253 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम 43.5 ओवर में 174 रन पर सिमट गई। एक साल के अंदर कंगारुओं ने तीसरी बार भारतीय टीम का विश्व कप जीतने का सपना तोड़ दिया है। पिछले साल जून में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में हराया था। फिर पिछले साल 19 नवंबर को कंगारुओं ने भारतीय टीम को वनडे विश्व कप के फाइनल में शिकस्त दी थी।

अब 85 दिन बाद ऑस्ट्रेलिया ने तीसरी बार टीम इंडिया को किसी खिताबी मुकाबले में हराया है। अंडर-19 विश्व कप में यह ऑस्ट्रेलिया का चौथा खिताब है। इससे पहले वह 1988, 2002 और 2010 में भी खिताब जीत चुके हैं। 14 साल बाद ऑस्ट्रेलिया ने अंडर-19 विश्व कप का खिताब जीता है। भारत पांच बार की चैंपियन है। उसने 2000, 2008, 2012, 2018 और 2022 में खिताब पर कब्जा जमाया था। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने भारत के लगातार दूसरा अंडर-19 विश्व कप जीतने के इरादे को भी ध्वस्त कर दिया। अब तक सिर्फ पाकिस्तान ही लगातार दो बार अंडर-19 विश्व कप जीत पाई है। उन्होंने 2004 और 2006 में ऐसा किया था।

## 75वीं स्ट्रैंड्जा मेमोरियल बॉक्सिंग: निखत, अमित चमके, 6 भारतीय फाइनल में पहुंचे, आकाश, नवीन ने कांस्य पदक जीता

सोफिया (बुल्गारिया), 11 फरवरी। दो बार की विश्व चैंपियन निखत जरीन और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता अमित पंघल ने शनिवार को बुल्गारिया के सोफिया में 75वें स्ट्रैंड्जा मेमोरियल टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने चार अन्य साथियों के साथ अरुंधति चौधरी (66 किग्रा), बरुण सिंह ने फाइनल में प्रवेश किया। आकाश (71 किग्रा) और नवीन कुमार (92 किग्रा) अपने-अपने सेमीफाइनल मुकाबले हार गए और उन्हें कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। दिन के पहले सेमीफाइनल में निकहत जरीन (50 किग्रा) एक्शन में थीं।



बुल्गारियाई मुक्केबाज ज़्लातिस्लावा चुकानोवा के पीछे भीड़ के समर्थन के साथ, निखत ने सावधानी से मुकाबला शुरू किया, लय में आने के लिए कुछ समय लिया, लेकिन गेम पर पकड़ नहीं खोई और राउंड 3-2 से जीत लिया।

निखत ने दूसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने बल्गेरियाई प्रतिद्वंद्वी को आक्रमण करने का कोई मौका नहीं दिया और कुछ सटीक प्रहार किए। नखत ने तीसरे राउंड में अपना दबदबा जारी रखा और संयम बनाए रखा, जिससे उनके प्रतिद्वंद्वी को वापसी का कोई मौका नहीं मिला और उन्होंने मैच को 5-0 से अपने नाम कर लिया। नीलखत अब रविवार को स्वर्ण पदक मैच में उज्बेकिस्तान की सबीना बोबोकुलोवा से भिड़ने के लिए तैयार हैं।

भारत के अमित पंघल (51 किग्रा) के लिए यह आसान दिन था, उन्होंने अपना लगातार तीसरा मैच 5-0 से जीता। अमित ने तुर्की के गुमुस समेट का सामना किया और शुरू से ही अपने क्षेत्र में थे। अमित ने जरूरत पड़ने पर आक्रमण करने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और अन्यथा प्रतिद्वंद्वी के क्षेत्र से दूर जाने के लिए अपने फुटवर्क का इस्तेमाल किया। भारतीय मुक्केबाज को ज्यादा पसीना नहीं बहाना पड़ा। उन्होंने फाइनल में प्रवेश करने के लिए आसान जीत हासिल करने के लिए पहले राउंड से ही लय बरकरार रखी। अमित रविवार को मौजूदा विश्?व चैंपियन कजाकिस्तान के संझार ताशकेनबे से भिड़ेंगे। दूसरी ओर, अरुंधति चौधरी (66 किग्रा) ने अपनी प्रतिद्वंद्वी स्लोवाकिया की जेसिका ट्राइबेवोवा को आसानी से हराकर 5-0 से जीत हासिल की। भारतीय मुक्केबाज ने अपने स्मार्ट मूवमेंट और आक्रामक रुख का इस्तेमाल करते हुए पूरे मुकाबले में दबदबा बनाए रखा और प्रत्येक राउंड को 5-0 के स्कोर से जीतकर फाइनल में प्रवेश किया।

## डिजीटल फ्रॉड पर सरकार का बड़ा एक्शन : 3 लाख से ज्यादा सिम हुए बंद, 1.4 लाख मोबाइल नंबर ब्लॉक

नई दिल्ली। टेक्नोलॉजी की दुनिया में तेजी से बढ़ते हुए ऑनलाइन फ्रॉड और स्कैम पर रोक लगाने के लिए केंद्र सरकार लगातार तेजी से कदम उठा रही है। इस बीच केंद्र सरकार ने फाइनेंशियल फ्रॉड को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है।

सरकार ने लोगों की सेफ्टी को ध्यान में रखते हुए 1.4 लाख मोबाइल नंबर को ब्लॉक कर दिया है। आधिकारिक विज्ञप्ति के मुताबिक जिन नंबरों को ब्लॉक किया गया वे वित्तीय धोखाधड़ी में इस्तेमाल किए गए थे। आपको बता दें कि हाल ही में वित्तीय सेवा सचिव विवेक जोशी की अध्यक्षता में वित्तीय सेवा क्षेत्र में साइबर सुरक्षा पर एक बैठक की गई।

बैठक में इसमें एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफेस एकीकरण के जरिए नागरिक वित्तीय साइबर धोखाधड़ी सूचना और प्रबंधन प्रणाली मंच पर बैंकों और वित्तीय संस्थानों को शामिल करने समेत कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई।

## गूगल वन के हुए 100 मिलियन सब्सक्राइबर्स : सुंदर पिचाई

नई दिल्ली। गूगल और अल्फाबेट के सीईओ सुंदर पिचाई ने घोषणा की कि कंपनी गूगल वन सर्विस के 100 मिलियन सब्सक्राइबर हो चुके हैं, जो जीमेल, ड्राइव और फोटो जैसी फ्री सर्विस के लिए अतिरिक्त स्टोरेज के साथ-साथ ज्यादा फीचर्स तक पहुंच की अनुमति देता है।

गूगल वन प्रीमियम प्लान 2 टेराबाइट्स स्टोरेज और वीपीएन और डार्क वेब मॉनिटरिंग जैसे अन्य फीचर्स के साथ आता है। कंपनी का नया एआई प्रीमियम प्लान यूजर्स को जेमिनी एआई तक पहुंच प्रदान करता है, और जल्द ही जीमेल और डॉक्स के अंदर जेनरेटिव एआई फीचर्स प्रदान करेगा। हमने हाल ही में 100 मिलियन गूगल वन सब्सक्राइबर्स को पार कर लिया है! हम अपने नए एआई प्रीमियम प्लान के साथ उस गति को आगे बढ़ाने की उम्मीद कर रहे हैं, जिसमें जेमिनी एडवांस्ड, प्लस जेमिनी इन जीमेल, डॉक्स प्लस जैसे एआई फीचर्स की पेशकश की जाएगी।

## ज्योतिष चमत्कार ( 12 फरवरी 2024 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 46 | 54 | 62 |
| मंगल | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 48 | 56 | 64 | 74 |
| बुध | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 58 | 68 | 76 | 82 |
| गुरू | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 60 | 78 | 84 | 92 |
| शुक्र | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 96 | 06 |
| शनि | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 98 | 08 | 12 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 85 | 95 | 03 | 13 |
| मंगल | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 97 | 07 | 15 | 21 |
| बुध | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 17 | 23 | 35 |
| गुरू | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 25 | 37 | 43 |
| शुक्र | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 39 | 45 | 59 |

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 0 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 9 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 4 | 5 | 8 |
| स्पेशल | 31 | 42 | 56 | 87 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | | | | 1 |
| सप्ताह का वरदान | | | | 2 |
| सप्ताह में अचूक | 3 | 6 | 7 | 8 |
| स्पेशल | 34 | 65 | 79 | 80 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | '70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 75 | 75 | 27 | 05 | 25 | 37 |
| 30 | 37 | 51 | 14 | xx | 20 |
| 91 | 72 | 30 | 45 | 04 | 48 |
| 16 | 62 | 45 | 72 | 87 | 98 |
| | | | | | |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 90 | 12 | 01 | 21 | 52 |
| 33 | 64 | 31 | 68 | xx |
| 38 | 95 | 24 | 90 | 60 |
| 77 | 22 | 83 | 28 | 72 |
| | | | | |

**2023 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2023- -21-23-49-66-09

राजधानी नाईट 2023 -32-35-48-50-62-66-79-

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***राज्यसभा: यूपी समेत 15 राज्यों ....***

बिहार में भाजपा और जदयू के साथ आने से राजद और कांग्रेस के हिस्से वाली दो सीटें एनडीए के खाते में आएंगी। बिहार में खाली हुई छह सीटों में जदयू व राजद के पास दो-दो और कांग्रेस व भाजपा के पास एक-एक सीट थी। इसी तरह अजित पवार के गुट वाली एनसीपी के सत्ता में आने के कारण महाराष्ट्र में भी एनडीए को दो सीटें मिलने की संभावना है। महाराष्ट्र में खाली हो रही छह सीटों में भाजपा के पास तीन, एनसीपी, कांग्रेस और शिवसेना के पास एक-एक सीट थीं। गुजरात में कांग्रेस के खाते की दो सीटें भाजपा को मिलने वाली हैं। कांग्रेस को तेलंगाना में दो सीटों की बढ़त मिलेगी, लेकिन गुजरात में दो और बिहार व पश्चिम बंगाल में एक-एक सीट का नुकसान होगा।

***देश में नफरत एवं हिंसा .....***

उन्होने कहा कि पहले हम आदिवासियों को आदिवासी कहते थे जल जंगल जमीन पर पहला कब्जा उन्ही का मानते थे लेकिन मोदी जी कहते हैं कि तुम आदिवासी नहीं हो तुम जंगल में रहते हो वनवासी हो, जल जंगल जमीन पर तुम्हारा कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा की मैने लोकसभा में आवाज उठाई कि देश में जातिगत जनगणना होनी चाहिए लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने मना कर दिया कहा इसकी जरूरत नहीं है। कैसे पता चलेगा कितने पिछड़े है कितने दलित हैं कितने आदिवासी हैं। किसके पास क्या है किसके पास कितनी नौकरियां, किसकी देश में कितनी भागीदारी है। मोदी नहीं चाहते कि पिछड़ों को ये पता न लग जाए की उनकी आबादी कितनी है उनकी भागीदारी कितनी है।

श्री गांधी ने मणिपुर का जिक्र करते हुए कहा कि वहां आग लगी हुई है वहां पर भाई भाई का दुश्मन हो गया है, लोग एक दूसरे को गोली मार रहे हैं, पूरा मणिपुर जल कर खाक हो रहा है लेकिन प्रधानमंत्री मोदी आज तक मणिपुर नहीं गए। मणिपुर के मैतई और कुकी समाज के बीच आग लगा दी गई है नफरत फैला दी गई। उन्होंने कहा ऐसे में देश कैसे जुड़ेगा। मुझे भी वहां जाने से रोका गया और कहा गया की वहां आपकी जान को खतरा है लेकिन मैने कहा कि नहीं मैं वहां जाऊंगा और वहां के लोगों से मिलूंगा। उन्होंने कहा कि देश का किसान मरता है व्यवसाई मरता है उसे मीडिया में नहीं दिखाया जाता है। मीडिया में अडानी अंबानी के बेटे बेटी की शादियां दिखाई जाती है। मीडिया हमारी बात नहीं सुनती है इसलिए हम सीधे आपके पास आए हैं। हम नफरत के बाजार में मुहब्बत की दुकान खोलने आए हैं।

श्री गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा गत 08 फरवरी को ओडिशा से छत्तीसगढ़ पहुंची थी। राज्य में यात्रा का दो दिन का विश्राम था।दो दिन के विश्राम के बाद आज फिर शुरू हुई।श्री गांधी दोपहर में रायगढ़ शहर पहुंचे और शहर में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा में माल्यार्पण कर खुली जीप में सवार होकर शहर में भ्रमण किया। शहर में यात्रा के दौरान पूरे रास्ते भर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा,श्री गांधी ने हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया।श्री गांधी को देखने भारी संख्या में लोग घरों की छतों पर नजर आए।

## शेष प्रथम पृष्ठ का

***महादेव सट्टा एप के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर ....***

दुबई में होने की जानकारी मिली है, लेकिन इनके बारे में अधिकृत रूप से कोई भी जानकारी पुलिस के पास नहीं है। लिहाजा अब पुलिस अधिकारियों ने इन आरोपितों के बारे में पुख्ता जानकारी देने वालों को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। यहां उल्लेखनीय है कि महादेव बुक से आनलाइन सट्टा खिलाने के मामले में ईडी पहले ही इन आरोपितों की तलाश कर रही है। आरोपितों पर सट्टा के रुपयों को हवाला के माध्यम से मनी लांड्रिंग करने का आरोप है, जिसकी पुलिस जांच कर रही है।

***छत्तीसगढ़ में मोदी गारंटी के....***

तेंदूपत्ता संग्राहण दर और बोनस- बजट के मुताबिक तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए 5,500 मानक की दर से भुगतान किया जाएगा। रमन सरकार की चरण पादुका योजना फिर से शुरू होगी। कैबिनेट की सातवीं बैठक में तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़ाने का फैसला लिया गया था। बोनस पर अभी निर्णय बाकी है। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर योजना- बजट में भूमिहीन किसानों को हर साल 10 हजार रुपये की आर्थिक मदद देने का प्रविधान है।

आयुष्मान भारत- स्वस्थ छत्तीसगढ़- स्थिति- शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजनाः प्रदेश के बीपीएल परिवारों को पांच लाख तक और एपीएल परिवारों को 50 हजार तक की निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा दी जाएगी। इसके लिए आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना चलेगा।

पीएससी परीक्षा में पारदर्शिता- मंत्रिपरिषद की तीसरी बैठक में मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) की राज्य सिविल सेवा भर्ती परीक्षा 2021 की सीबीआइ (केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो) से जांच कराने का निर्णय लिया। जांच शुरू भी हो गई। बजट में पारदर्शिता के साथ परीक्षा कराने का निर्णय लिया गया।

छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना- इस योजना के तहत प्रदेश के युवाओं को 50 प्रतिशत की सब्सिडी मिलेगी। ब्याज मुक्त लोन मिलेगा। प्रदेश के रोजगार कार्यालय में पंजीकृत 18 लाख से अधिक युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।

स्टेट कैपिटल रीजन की शुरुआत- दिल्ली की तर्ज पर स्टेट कैपिटल रीजन की स्थापना कर रायपुर, नया रायपुर, दुर्ग और भिलाई नगर क्षेत्र का समन्वित और संतुलित विकास किया जाएगा। इसकी योजना तैयार करने को बजट में पांच करोड़ का प्रविधान किया गया है।

शक्तिपीठ परियोजना- छत्तीसगढ़ में पांच प्रमुख शक्तिपीठ रतनपुर में महामाया, चंद्रपुर में चंद्रहासनी, डोंगरगढ़ में बम्लेश्वरी, दंतेवाड़ा में दंतेश्वरी देवी और अंबिकापुर में महामाया है। भाजपा ने उत्तराखंड की चार धाम परियोजना की तर्ज पर इन शक्तिपीठों को विकसित करने, एक-दूसरे से जोड़ने के लिए काम शुरू होगा। बजट में डीपीआर (डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट) और निर्माण कार्य के लिए पांच करोड़ का प्रविधान किया गया है।

रामलला दर्शन योजना- अयोध्या धाम के रामलला का दर्शन करने के लिए श्रीरामलला दर्शन योजना के लिए 35 करोड़ खर्च होंगे। इस वर्ष करीब 20 हजार लोगों को लाभ मिलेगा।

इंवेस्ट छत्तीसगढ़ सम्मेलन- इंवेस्ट इंडिया की तर्ज पर इंवेस्ट छत्तीसगढ़ आयोजन किया जाएगा। इसके लिए पांच करोड़ का प्रविधान है।

इन मोदी की गारंटी पर काम अभी बाकी- सरकार तुंहर दुवार- प्रदेश के ग्राम पंचायत और वार्ड स्तर पर 1.5 लाख बेरोजगारों को भर्ती कर प्रभावी घर पहुंच सार्वजनिक सेवा शुरू करना है। बजट में प्रविधान नहीं है। सिम्स और सीआईटी- हर संभाग में एम्स की तर्ज पर छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंस और हर लोकसभा क्षेत्र में आईआईटी की तर्ज छत्तीसगढ़ इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी का निर्माण करेंगे।

रानी दुर्गावती योजना- इसमें बीपीएल वर्ग की बालिकाओं के जन्म पर एक लाख 50 हजार का आश्वासन प्रमाण पत्र देना है।

500 में गैस सिलेंडर- गरीब महिलाओं को 500 में गैस सिलेंडर देंगे। मासिक ट्रेवल अलाउंस - कालेज आने-जाने के लिए डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर माध्यम से मासिक ट्रेवल अलाउंस देंगे। रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती- प्रदेश के एक लाख रिक्त पदों पर समयबद्ध व पारदर्शी रूप से भर्ती करेंगे। भ्रष्टाचार विरोध जीरो टालरेंस नीति - हम भ्रष्टाचार के खिलाफ आयोग गठित करेंगे। हम भ्रष्टाचार शिकायत निवारण व निगरानी रखने को वेब पोर्टल बनाएंगे। प्रत्यक्ष कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री कार्यालय में एक सेल का गठन करेंगे। इनोवेशन हब- नया रायपुर को सेंट्रल भारत का इनोवेशन हब बनाकर राज्य में छह लाख रोजगार के अवसर पैदा करेंगे।

***पाकिस्तान के चुनावी नतीजों के..***

चुनाव लड़े उम्मीदवारों को वोट दिए. यह परिणाम भले ही इमरान खान की लोकप्रियता को प्रमाणित करने वाले हों, उन्हें फिर से सत्ता की बागडोर थमाने वाले साबित नहीं होंगे. इमरान के समर्थकों ने भले ही सबसे अधिक सीटें जीती हैं लेकिन वे घोषित तौर पर किसी पार्टी के बैनर तले चुनाव नहीं लड़े, इसका नुकसान उन्हें उठाना पड़ेगा. जीते हुए इमरान समर्थक निर्दलीय उम्मीदवार भले ही एक साथ हैं, लेकिन वे संसद की उन 70 आरक्षित सीटों में से अपने हिस्से की सीटों पर किसी का नामिनेशन करने के लिए पात्र नहीं हैं. यह सीटें संसद में पार्टी के संख्या बल के अनुसार वितरित की जाती हैं. नवाज शरीफ की पार्टी को इनमें से 20 सीटें तक मिल सकती हैं. पाकिस्तान के आम चुनाव (नेशनल असेंबली चुनाव) में खंडित जनादेश सामने आने के बाद राजनीतिक दलों ने रविवार को गठबंधन सरकार के गठन के लिए की कोशिशें तेज कर दीं. पाकिस्तान में मतदान गुरुवार को हुआ और चुनाव आयोग ने अंतिम नतीजे रविवार को घोषित किए. चुनाव में पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज 75 सीटें जीतकर तकनीकी रूप से संसद में सबसे बड़ी पार्टी बन गई है.

# देश-विदेश के 10 कहानीकारों को मिला डॉ.प्रेम कुमारी नाहटा कहानी प्रतियोगिता पुरस्कार

0 कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रेणु जैन कुलपति, देअविवि थी
० निर्णायक मंगला रामचंद्रन, पद्मा सिंह और सीमा व्यास
० दुबई, जयपुर, ग्वालियर, भोपाल, जोधपुर और इंदौर की कथाकारों ने जीता पुरस्कार



राजनांदगांव (दावा)। कहानी जीवन की प्रतिछाया है और जीवन स्वयं एक अधूरी कहानी है, एक शिक्षा है जो उम्र भर मिलती है और समाप्त नहीं होती। कहानी के कुछ विशेष तत्व होते हैं जो कहानी में रस भरते हैं। कहानी वह ध्रुपद की तान है, जिसमें गायक महफिल शुरू होते ही अपनी प्रतिभा दिखा देता है, चित्त को मधुरता से भर देता है।

11 फरवरी, रविवार को मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति में प्रेम कुमारी नाहटा कहानी प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरित किए गए, मुख्य अतिथि डॉ. रेणु जैन कुलपति देअविवि. ने इस अवसर पर कहा कि डॉ प्रेम कुमारी नाहटा कहानी पुरस्कार मुख्य अतिथि डॉ रेणु ने कहा कि वामा में आकर उन्हें हर बार ऐसा लगता है कि वे घर पर ही आई हैं।

ये बहुत अच्छी शुरुआत की गई है। बधाई देते हुए कहा कि सपना लक्ष्य को पाने की सीढ़ी है, पूरी ताक़त से जुट जाएँ। दरवाज़ा ज़रूर खुलेगा। प्रतियोगिता का यह प्रथम वर्ष है, निर्णायक मंगला रामचंद्रन, पद्मा सिंह और सीमा व्यास थे। वामा साहित्य मंच के बैनर तले आयोजित इस प्रतिस्पर्धा में देश और विदेश से 74 प्रविष्टियां आई थी जिसमें से 10 कहानियों का चयन पुरस्कार हेतु किया गया। दुबई, जयपुर, ग्वालियर, भोपाल, जोधपुर और इंदौर की कथाकारों ने यह पुरस्कार जीता। आरंभ में अतिथि का स्वागत जयश्री नाहटा और रागिनी सिंह ने किया। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष इंदु पाराशर ने दिया। डॉ. प्रेम कुमारी नाहटा ने आत्मकथा प्रस्तुत किया, प्रतियोगिता प्रभारी पद्मा राजेंद्र ने भी रूपरेखा प्रस्तुत की। निर्णायकों ने भी अपनी बात रखीं, सरस्वती वंदना संगीता परमार, आभार डॉ. मुक्ता जैन और संचालन स्मृति आदित्य ने किया। इस अवसर पर शहर के कई साहित्यकार उपस्थित रहे।

# बीजेपी का गांव चलो अभियान : चंपारण महोत्सव आयोजित करने की मांग, मंत्री बृजमोहन को मिला ग्रामीणों का ज्ञापन



रायपुर। छत्तीसगढ़ बीजेपी के गांव चलो अभियान के दौरान चंपारण पहुंचे भाजपा नेता अशोक बजाज को ग्रामवासियों ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संस्कृति और पर्यटन मंत्री बृजमोहन अग्रवाल से रायपुर जिले के चंपारण में चंपारण महोत्सव आयोजित करने की मांग की है। भाजपा नेता ने ग्रामवासियों का आवेदन आज रविवार को बीजपी प्रदेश कार्यालय एकात्म परिसर में मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को सौंपा। इस अवसर पर महामंत्री संजय श्रीवास्तव, संदीप शर्मा, अनुराग अग्रवाल आदि बीजेपी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

दूसरी ओर गांव चलो अभियान में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव शामिल हुये। नगरनार मंडल के ग्राम तुरेनार में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच बैठकर उनसे सीधा संवाद किया। उनकी समस्यायें से रूबरू हुये। आभियान के तहत ग्राम के बुजुर्ग, महिलाओं, युवाओं से बातचीत कर राज्य और केन्द्र की जनकल्याणकारी योजनाओं के विषय में अवगत कराया। ग्राम देवी के मंदिर में पूजा अर्चना की। गांव के चौपाल में आयोजित सभा को संबोधित करते हुये कहा कि जनता के आशीर्वाद से ही छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनी है, जो सदैव जनता जनार्दन की सेवा और विकास के लिये संकल्पित है। मातृशक्तियों, माता बहनों बेटियों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने भाजपा सरकार ने महतारी वंदन योजना शुरू की है।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत हर विवाहित महिला के बैंक खाते में हर महीने एक हजार रुपये सीधे जमा होंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ हर गरीब परिवार को मिले , इसकेलिए 18 लाख परिवार का लक्ष्य साध कर काम हो रहा है। किसान भाइयों, श्रमिकों, युवाओं सभी के लिये केन्द्र और राज्य की अलग अलग योजनायें संचालित हो रही हैं, जिसका सीधा उद्देश्य आमजन के जीवन को बेहतर बनाने व विकास से जुड़ा है। किरण देव ने कहा कि तुरेनार गांव के संबंध में जो भी समस्याएं है। उस पर यथाशीघ्र काम किया जायेगा। इस अवसर पर सरपंच संपत कश्यप, प्रदीप देवांगन, राधे पद्रे, महेश कश्यप, माटी पुजारी गुड्डूराम, महादेव बघेल, विद्याधर सेठिया, दयाराम कश्यप एवं रूपेश समरथ आदि मौजूद रहे।

# सीएम विष्णुदेव साय व स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिली समाजसेवी छबिबाई साह



पेज 7 (10 फरवरी 2024 समर्थ फोटो-छबिबाई साहू)

राजनांदगांव (दावा)। नारी शक्ति से सम्मानित समाजसेवी व माँ बम्लेश्वरी स्वयं सहायता समूह की अध्यक्ष छबिबाई साहू ने 9 फरवरी 2024 शुक्रवार को राजधानी रायपुर पहुंचकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व श्याम बिहारी जायसवाल, लोक स्वास्थ्य परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा मंत्री के उनके निवास स्थान पहुंचकर सौजन्य मुलाकात की जहां पर विभिन्न विषय में चर्चा की। इस अवसर पर मिथला बाई यादव (मुंदगांव), लक्ष्मी बाई गंधर्व (मुंदगांव), हेमराज साहू (केशला), परसोत्तम साहू, (ओड़ारबांध टप्पा), जोगी राम साहू (विचारपुर, चारभांठा), नारद गंधर्व (जंगलपुर) आदि उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन



बालोद (दावा)। कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.एल. उइके के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत् 'कृमि से छुटकारा, सेहत मंद भविष्य हमारा' थीम के आधार पर राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ 10 फरवरी 2024 को मितानिन भवन बालोद में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जे.एल. उइके तथा जिला नोडल अधिकारी डॉ.जे.के. सिंह द्वारा बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर किया गया।

जिला नोडल अधिकारी डॉ.जे.के. सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत कृमि नाशक दवा एल्बेंडॉजाल 1 से 2 वर्षीय बच्चों को आधी गोली पीसकर, 2 से 3 वर्षीय बच्चों को एक गोली पीसकर, 3 से 5 वर्षीय बच्चों को एक गोली चबाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वरा खिलाया जावेगा तथा 5 से 19 वर्षीय बच्चों एवं किशोर/किशोरियों को एक पूरी गोली चबाकर स्कूलो में प्रभारी नोडल शिक्षकों द्वारा खिलाया जावेगा।

इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.जे.के. सिंह, प्रभारी जिला मीडिया अधिकारी आर.के. सोनबोईर, जिला सलाहकार डॉ. अरविंद मिश्रा, रविकांत साहू, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण नायक, खण्ड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से एस.एल. देवांगन, सभी कार्यालयीन स्टॉफ एवं आंगनबाड़ी के बच्चे व उनके परिजन उपस्थित रहे।

# घर-घर जाकर मोदी के विकास कार्यो की चर्चा कर रहे है भाजपा कार्यकर्ता



बूथ चलो अभियान के तहत बूथ क्रमांक 131 बूथ में दस्तक

डोंगरगढ़ (दावा)। भाजपा शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार गाँव चलो, घर -घर चलो, वार्ड बूथ चलो अभियान के तहत बूथ क्रमांक 131 बूथ अध्यक्ष सुमित ताम्रकार बूथ में प्रवासी महेन्द्र अग्रवाल, वरिष्ठ नेता तुलसी मिश्रा, गांव चलो बूथ चलो अभियान के डोंगरगढ़ शहर मंडल संयोजक विजेंद्र सिंह ठाकुर, सांसद प्रतिनिधि परविन्दर सिंह मोंटी, रघुनाथ गजेंद्र, शिवा यादव, बल्लू यादव की उपस्थिति मे बूथ समिति के सदस्यों व पन्ना प्रमुखों की बैठक सम्पन्न हुई।

घर-घर जाकर मोदी जी के विकास कार्यो की चर्चा किये व लाभार्थियों प्रधानमंत्री आवास, उज्जवला योजना, जनधन, प्रधानमंत्री अन्ना योजना, के साथ साथ केंद्र एवं राज्य के विभिन्न योजना के बारे में चर्चा की मुलाकात के दौरान उपस्थित महिलाओं, बुजुर्गो व युवाओं से भाजपा के पक्ष में बूथ में माहोल बनाते हुए कार्य करने के लिए एवं एक बार फिर से मोदी की सरकार बनाने का आग्रह किया। इस मौके पर बूथ 131 वार्ड क्रमांक 23 में बड़ी संख्या में महिला, युवा साथीगण उपस्थित थे।

# सुशासन के सूर्योदय का बजट जिसका लाभ हर एक व्यक्ति को मिलेगा - जैनम बैद



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन के वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किये गए छत्तीसगढ़ के बजट पर राजनांदगांव दक्षिण मंडल व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक जैनम बैद ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि आज पेश किया गया बजट सर्वहितकारी बजट है जिसका लाभ प्रदेश के हर एक व्यक्ति को सीधे तौर पर मिलेगा। आगामी 5 सालों में जीडीपी को 5 लाख करोड़ से 10 लाख करोड़ तक पहुंचाने दोगुना करने का लक्ष्य भाजपा सरकार ने रखा है जिससे दूरदर्शिता झलकती है। जैनम बैद ने कहा कि ऑनलाइन रॉयल्टी को हटाकर लाल फीताशाही ऑफलाइन तरीके को अपनाया गया है जो स्वागतेय है। रायपुर और भिलाई के आसपास के इलाकों को स्टेट कैपिटल रीजन के रूप में विकसित नया रायपुर में आईटी हब विकसित किये जाने के साथ ही कोरबा, रायगढ़, उरला, सिलतरा जैसे क्षेत्रों में उद्योगों को और आगे बढ़ाए जाने के लक्ष्य को लेकर जारी किये गए बजट से विकास की संभावनाओं को नए पंख मिले हैं। कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ के प्रावधान, नल जल योजना के लिए 4,500 करोड़ रुपए का प्रावधान सहित युवाओं के लिए छत्तीसगढ़ उद्यम क्रांति योजना एवं दीनदयाल उपाध्याय भूमि कृषि मजदूर योजना प्रारंभ करने के लिए 500 करोड़ रुपए का प्रावधान करना भाजपा की विकासशील नीतियों पर मुहर लगाता है। जैनम बैद ने कहा कि बजट में राजनांदगांव में मेडिकल कालेज में ट्रामा सेंटर, नविन सायबर थाना सहित बड़ी घोषणाएं साबित करती हैं कि बजट में हर क्षेत्र का हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। छत्तीसगढ़ को पिछले पांच सालों में गर्त में ले जाने वाली कांग्रेस सरकार की कुनीतियों से उबारने का यह बजट सर्वजन हिताय का बजट है और यह सुशासन के सूर्योदय का बजट है।

# स्वस्थ्य रहने के लिए शरीर को जानना और भोजन को पहचाना जरुरी - कुलपति डॉ. निरंजन वमा

रायपुर (दावा)। छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर असोसिएशन द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय तृतीय पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर के सभागृह में आयोजित किया गया। उक्ताशय की जानकारी प्रदान करते हुए आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य आनन्द कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यवक्ता गव्यसिद्ध आचार्य एवं गुरूकुलपति पंचगव्य विद्यापीठम् कांचीपुरम् तमिलनाडु डॉ. निरंजन वर्मा द्वारा पंचगव्य चिकित्सा एवं गौ विज्ञान पर विशेष व्याख्यान व मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि गाय की सुरक्षा, सरंचना व संवर्धन के लिए गाय से आर्थिक स्वावलंबी व्यवस्था पर कार्य करने की आवश्यकता है। गाय का महत्व चिकित्सा, कृषि, शिक्षा सहित अन्य सभी क्षेत्रों में है। आज पूरा विश्व विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रस्त है और सभी को चिकित्सा की आवश्यकता है। देश के बजट का एक बड़ा हिस्सा स्वास्थ्य सुविधाओं में खर्च हो रहा है। गाय को स्वास्थ्य से जोड़ दिया जाए तो देश के नागरिक स्वस्थ्य रहेंगे और गाय का भी संरक्षण व संवर्धन होगा। उन्होंने बताया कि पंचगव्य चिकित्सा हमारी वैदिक शास्त्रों में वर्णित एक पुरानी एवं पारंपरिक चिकित्सा पद्धति है। देश में आज 10 हजार से ज्यादा गव्यसिद्ध पंचगव्य चिकित्सा पद्धति से कैंसर, सिकल सेल जैसे जटिल से जटिल बीमारियों का ईलाज कर रहे है और इसके अद्भूत एवं सुखद परिणाम भी मिल रहा है। उन्होंने पंचगव्य चिकित्सा से स्वस्थ हुए विभिन्न मरीजों के उदाहरण प्रस्तुत किए।

डॉ. निरंजन वर्मा ने कहा कि स्वस्थ्य रहने के लिए शरीर को जानने और भोजन को पहचानने की आवश्यकता है। दुनिया में सबसे सरल विज्ञान चिकित्सा शास्त्र है। महर्षि वाग्भट्ट ने घर को स्वस्थ्य रखने के लिए तीन सूत्र दिए हैं। जिसमें घर के बाहर गाय, आंगन में तुलसी और घर के एक कोने में दुनिया का सबसे बेहतर चिकित्सालय रसोई तीन सुरक्षा चक्र है। जब तक भारत के घरों में तीनों सुरक्षा चक्र थे, भारत दुनिया का सबसे स्वस्थ देश था, लेकिन आज लगभग पूरा देश बीमार है और आज फिर से तीनों सुरक्षा चक्र को स्थापित करने की आवश्यकता है। उन्होंने छत्तीसगढ़ सहित भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पायी जाने वाली गऊवंश की विशेषता और उनके महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय गऊवंश के सिंगों पर किए गए शोध के विषय में विस्तार से जानकारी दी। डॉ. वर्मा ने कहा कि गाय और गाय से प्राप्त गव्य चन्द्रमा की तरह सरल, सुंदर और शीतल है तथा सूर्य में मिलने वाले सभी गुण गाय में होते है। उन्होंने गाय में पायी जाने वाली सूर्य केतु नाड़ी के




0 कोरोना वेक्सीन के हुवे साइडईफ़ेक्ट, कैंसर और हार्ट के मरीज बढ़े 70त्न महिलाओं को मासिक संबंधी समस्या
० पंचगव्य चिकित्सा एवं गौ विज्ञान पर हुआ गहन मंथन
० राज्य स्तरीय तृतीय पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन संपन्न

कार्य, महत्व एवं उपयोगिता की विस्तार से जानकारी दी। गाय के गोबर से पानी, घी से पर्यावरण के शुद्धिकरण के प्रयोग के बारे में बताया।

उन्होंने आकड़ों के माध्यम से बताया कि जहां गाय की संख्या अधिक है, वहां चेतना का विकास होता है और अपराधों की संख्या कम है। पंचमहाभूतों का संतुलन बिगड़ने से बीमारियां होती है और इसका संतुलन पंचगव्य से संभव है। उन्होंने स्वस्थ रहने के लिए नियमित भस्म के पानी का सेवन करने के लिए भी कहा। उन्होंने कहा कि पंचगव्य के सेवन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही रसायनिक दवाईयों के दुष्प्रभाव को दूर करने में पंचगव्य कारगर है। हमारे पूर्वजों ने गाय के विज्ञान को समझकर ही गाय को माँ कहा।

इस दौरान उपस्थित श्रोताओं के जिज्ञासाओं का समाधान गुरूजी द्वारा किया गया। बढ़ते कैंसर और हृदयघात से मौतों पर उठे सवाल पर निरंजन वर्मा जी ने कहा कि कोरोना के लिए बनी वेक्सीन के साइडइफ़ेक्ट हुवे हैं, कैंसर और हार्ट फेलियर के साथ ही 70त्न महिलाओं में मासिक अनियमितता की शिकायत देखी जा रही है महिलाओं में बांझपन और पुरुषों में नपुंसकता बढ़ रही है।

पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने अपने को संबोधित में कहा कि पंचगव्य चिकित्सा हमारे पुरातन चिकित्सा पद्धति का एक अहम हिस्सा है। उन्होंने भारत में पायी जाने वाली गऊवंश की विशेषता के संबंध में जानकारी दी। श्री साहू ने राज्य में बहुतायत की संख्या में पायी जाने वाली कोशली गऊवंश के बारे में विस्तार से बताया। प्रदेश प्रवक्ता भाजपा गौरीशंकर श्रीवास ने कहा कि यह बहुत ही खुशी की बात है कि छत्तीसगढ़ की पावन धरा पर गुरूजी का आममन और पंचगव्य चिकित्सा सम्मेलन आयोजन किया जा रहा है, जिसका लाभ निश्चित ही राज्य के नागरिकों को मिलेगा। उन्होंने कहा कि हमारा शरीर पंचतत्व से निर्मित है और हमें पंचगव्य के महत्व को जानने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के संरक्षक राधेश्याम गुप्ता, एस.पी.साहू ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पर निःशुल्क नाड़ी परीक्षण एवं पंचगव्य चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर निर्वासित तिब्बती सांसद वेन. गेशे नगावा गांगरी एवं सुश्री तेनजिन् चोएजिन्, किसान नेता कृपाराम साहू, श्रीमती अंजू सिंह, सुशांत विश्वास, मुकेश पिल्ले, नरेन्द्र गुप्ता, आनन्द कुमार श्रीवास्तव एवं छत्तीसगढ़ पंचगव्य डॉक्टर एसोसिएशन के गव्यसिद्ध डॉ. प्रमोद कश्यप, गव्यसिद्ध डॉ. मुकेश स्वर्णकार, गव्यसिद्ध डॉ. अवधेश कुमार, गव्यसिद्ध डॉ. धीरेन्द्र यादव, गव्यसिद्ध डॉ. कमलेश ढीवर, गव्यसिद्ध डॉ. डिलेश्वर साहू, गव्यसिद्ध डॉ. कामेश्वर प्रसाद, गव्यसिद्ध डॉ. पुरूषोत्तम सिंह राजपूत गव्यसिद्ध डॉ. कृपा पटेल, गव्यसिद्ध डॉ. कुशवाह, भाविन जी, संजय सिंह, वेदप्रकाश शर्मा (बरेली, उ0प्र0) सहित अन्य गव्यसिद्ध डॉक्टर्स तथा विद्यार्थी, गौ पालक, जैविक कृषक एवं राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों सहित राजनांदगाव से माँ पंचगव्य चिकित्सा एवं अनुसंधान केन्द्र के सभी सदस्यगण उपस्थित थे।

# खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के अथक प्रयास से करोड़ों के निर्माण कार्यो की मिली स्वीकृति

छुरिया (दावा)। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 77 के खुज्जी विधायक भोलाराम साहू के अथक प्रयास से बजट वर्ष 2024 25 में करोड़ों के निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिली है। जिसमे खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मोरकुटुंब मे नवीन हाईस्कूल भवन निर्माण 75.23 लाख, ग्राम चिल्हाटी नवीन महाविद्यालय भवन निर्माण हेतु 1 करोड़,ग्राम जादूटोला हायर सेकेंडरी स्कूल भवन निर्माण 1 करोड़, ग्राम बूचाटोला- सीताकसा- बेलरगोंदी- माथलडाबरी मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण एवं उन्नयन 20 लाख, गैंदाटोला -छुरिया खोभा मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य 75 लाख, कुमरदा गैंदाटोला बंजारी मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य 75 लाख, दाऊटोला दैहान जोशीलमती पठान ढोड़गी गहिराभेडी मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य 62.50 लाख, देवरी महरूम खुज्जी मार्ग का चौड़ीकरण।

मजबूतीकरण कार्य 50 लाख, अंबागढ़ चौकी से सेम्हरबांधा मार्ग पर स्थित धानापायली नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण 5.50 करोड़,सेम्हर बांधा से पीपरखार मार्ग पर स्थित शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण 6 करोड़, सड़क चिरचारी से जोब मार्ग का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 2 करोड़, गर्रापार से जोशिलमती मार्ग निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित 3 करोड़, चिरचारीखुर्द से खुर्सीटिकुल मार्ग निर्माण कार्य पुल पुलिया सहित 3 करोड़, उमरवाही से धोबनी तक सड़क निर्माण पुल पुलिया सहित 4.50 करोड़, नगर पंचायत छुरिया विश्राम गृह निर्माण हेतु 30 लाख, बेलरगोंदी हाई स्कूल भवन निर्माण हेतु 10 लाख, कल्लू टोला से बरछाटोला मार्ग पर झूरानदी में पुलिया निर्माण 2 लाख, कोलिहाटोला मे शासकीय प्राथमिक शाला पहुंच मार्ग में पुल पुलिया निर्माण 50 लाख, पैरी टोला से बम्हनी चारभाठा मार्ग में पुल पुलिया निर्माण 5 लाख,गैंदा टोला से नुन्हाटोला मार्ग में पुल पुलिया निर्माण 5 लाख, बुचा टोला से धरमूटोला मार्ग में पुल पुलिया निर्माण 5 लाख, भर्री टोला से तेलिनबांधा मार्ग पर पुल पुलिया निर्माण 5 लाख, लाता कोडो से घोटिया मार्ग पर पुल पुलिया निर्माण 5 लाख, हाथी कन्हार से चापाटोला मार्ग पर पुल पुलिया निर्माण 5 लाख, भेजरा टोला से भंडारी भरदा मार्ग पर पुल पुलिया निर्माण 5 लाख, पैरी टोला से भेजराटोला खोभा मार्ग में पुल पुलिया निर्माण 30 लाख, आलीवीरा से फगडुटोला खोराटोला मार्ग का निर्माण पुल पुलिया सहित 30 लाख, जैत गुंडरा से मोरकुटुंब भर्रीटोला अ का निर्माण पुल पुलिया सहित 30 लाख ,रानीपुर खड़खड़ी से आंको के मध्य खड़खड़ी नाला पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण 15 लाख, डूमरडीह से हालेकोसा मार्ग पर सुखा नाला में उच्च स्तरीय पुल 5 लाख, गेरूघाट से



किरकाड़ी टोला तक सड़क निर्माण 50 लाख, झालाटोला से मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण 20 लाख,बीजेपार से केरेगांव के मध्य नाला में पुल निर्माण 1 करोड़, बागद्वार से बेलरगोंदी पंडरी पथरा सीताकसा सड़क पहुंच मार्ग पर पुलिया निर्माण 1 करोड़, भोलापुर से घुप साल मार्ग पर पुलिया निर्माण 1 करोड़ ,धनगांव से डूमर घुचा मार्ग में शिवनाथ नदी पर उच्च स्तरीय पुल पुलिया निर्माण 1 करोड़, दाऊटोला एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य 1 करोड़, करेठी एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य 1 करोड़ ,तुमडीलेवा एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य 1 करोड़, नादिया एनीकट बैंक प्रोटेक्शन कार्य 1 करोड़ ,झूरानाला एनीकट जीर्णोद्धार एवं बैंक प्रोटेक्शन कार्य 1 करोड़,कांपा जलाशय बांध एवं नहर मरम्मत 1 करोड़, गिदर्री जलाशय नहर लाइनिंग कार्य 1 करोड़, मन्होरा जलाशय नहर लाइनिंग कार्य 1 करोड़, लाममेटा जलाशय का जीर्णोद्वार एवं लाइनिग कार्य 1 करोड़, घोटिया जलाशय का जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य 1 करोड़, शिव शक्ति संगम झिथराटोला में एनीकट निर्माण कार्य 1 करोड़, बिसाहूटोला एनीकट कम काजवे निर्माण 1 करोड़, बागद्वार चिरचारीकला एनीकट कम काजवे निर्माण रपटा सहित 1 करोड़, कोलियाटोला एनीकट निर्माण कार्य 1 करोड़, भंडारी भरदा जलाशय का जीर्णोद्वार एवं नहर लाइनिंग कार्य 1 करोड़, मोगरा परियोजना के अंतर्गत मोगरा मोहड खरखरा जल संवर्धन कार्य 25 लाख, मोगरा परियोजना के डोंगरगांव डिस्ट्रीब्यूशन की 14 माईनर की जीर्णोद्धार एवं लाइनिंग कार्य 5 करोड़,मोंगरा परियोजना लिफ्ट सिंचाई एवं पक्का पहुंच मार्ग 75 लाख, मोगरा बैराज के अंतर्गत भंडारी भरदा में लघु नहर निर्माण कार्य 6 करोड़, मोगरा बायी तट नहर के 14 लघु शाखा नहर का सी सी जीर्णोद्वार एवं लाइनिंग कार्य 5 करोड़ ,चिखली जलाशय का जीर्णोद्वार एवं नहर लाइनिंग कार्य 1 करोड़, रेंगाकठेरा जलाशय का जीर्णोद्वार एवं नहर लाइनिंग कार्य 1 करोड़ की राशि स्वीकृति प्रदान की गई है।

विभिन्न निर्माण कार्यो की स्वीकृति प्रदान किए जाने पर विधायक भोलाराम साहू को बहुत-बहुत हार्दिक बधाई एवं आभार प्रकट किए। बधाई देने वाले पूरन नेताम, राजकुमार सिन्हा, नरेश शुक्ला, लक्ष्मी साहू, शरद चंद्राकर, लालचंद साहू, रोशन साहू, कमलेश यादव, कन्हैया कोले, धनेंद्र कोठारी, विजय साहू, रेवा लाडेकर, रितेश मेश्राम, साधना सिंग, उदेराम साहू, बेनीराम साहू, ईश्वरी धुर्वे ,सत्तर मालेकर, रफीक खान, मनोहर लाऊत्रे, अनिल टेमरे, अगनूराम साहू, गिरधारी साहू ,कामता प्रसाद साहू, दिनेश ठाकुर, विनोद मंडलोई, भारत मांडवी, रघुबीर सेवता सहित क्षेत्रवासियों ने बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक आभार प्रेषित किया है ।

# वार्षिक बजट से सभी वर्ग होंगे खुशहाल - नदीम बडगुजर



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के शहर दक्षिण के अध्यक्ष नदीम बडगुजर ने छत्तीसगढ़ के वार्षिक बजट 2024-25 पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वार्षिक बजट से सभी वर्ग खुशहाल होंगे। श्री बडगूजर ने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की बजट को विकसित छत्तीसगढ़ के लिए बेहतर बजट है। समग्र विकास के लिए इस बजट में हर पहलु को ध्यान दिया गया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बुनियादी, पेयजल अधोसंरचना सहित समाज के अंतिम व्यक्ति तक चिंता की गई है। विकास के माध्यम से हर क्षेत्र में तस्वीर व तकदीर बदलेंगे। यह बजट मोदी जी की गारंटी है। इस बजट में समाज के हर वर्ग की चिंता की गई है। इस परिकल्पना के साथ हम विकास की हर संभावाओं के लिए जुटेंगे।

# विष्णु सरकार में बंद हुई भूपेश राज की 15 योजनाएं, युवाओं को अब नहीं मिलेगा बेरोजगारी भत्ता, गोबर-गोमूत्र की खरीदी भी बंद




रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सरकार ने छत्तीसगढ़ में चल रही पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार की 15 प्रमुख योजनाओं को बंद कर दिया है। अब प्रदेश में गोबर-गोमूत्र की खरीदी नहीं होगी। सरकार ने पिछली सरकार की कई प्रमुख महत्वाकांक्षी योजनाओं के लिए बजट 2024-25 में राशि का प्रविधान नहीं किया है। इसमें नरवा, गरवा, घुरवा, बाड़ी सुराजी योजना से लेकर राजीव गांधी किसान न्याय योजना, मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना, स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना, गोधन न्याय योजना, छत्तीसगढ़िया ओलिंपिक योजना, बेरोजगारी भत्ता जैसी योजनाएं शामिल हैं। साय सरकार के बजट में इन योजनाओं का कोई जिक्र नहीं है। ऐसे में ये योजनाएं नए वित्तीय सत्र से बंद हो जाएंगी। हालांकि सरकार ने कुछ योजनाओं के नाम और स्वरूप में बदलाव करके उन्हें आगे चलाने का निर्णय लिया है। इसमें बिजली बिल हाफ योजना, स्वामी आत्मानंद योजना के रूप में बदलाव करने की तैयारी है।

### गरीबों का हक छीना - कुलबीर छाबड़ा



शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा ने कहा कि जन कल्याणकारी व जनहित की योजनाओं को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया। इन योजनाओं से गरीबों का भला हो रहा था। इन्हें बजट में प्रावधान न कर बंद कर सरकार ने गरीबों का हक छीना है।

### इन योजनाओं के लिए बजट में जिक्र नहीं

**गोधन न्याय योजना** – गोबर-गोमूत्र खरीदी और इससे उत्पाद बनाने की योजना बंद हो जाएगी।

**मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना**– आदिवासियों को साधने के लिए भूपेश सरकार ने मुख्यमंत्री आदिवासी परब सम्मान निधि योजना शुरू की थी। इस योजना के तहत गांव-गांव तक आदिवासियों के त्योहारों को मनाने के लिए सरकार ग्राम पंचायतों को अनुदान का प्रविधान था।

**छत्तीसगढ़ कल्चर कनेक्ट योजना** – पिछले बजट में धार्मिक न्यास व धर्मस्व विभाग की ओर से यह योजना तीर्थ स्थलों के भ्रमण के लिए राज्य के लोगों को सुविधा देने की थी।

**मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना** – आदिवासियों युवाओं की मेडिकल-इंजीनियरिंग और अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में अध्ययन-अध्यापन कार्य के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजना शुरू हुई थी वह अब आगे नहीं चलेगी।

**चाक परियोजना** – चाक (छत्तीसगढ़ एक्सीलरेटेड लर्निंग फार नालेज इकोनामी) परियोजना में विश्व बैंक से मदद लेकर स्कूली शिक्षा के पठन-पाठन कार्य समेत नवाचार करने की योजना का जिक्र नहीं है।

**राजीव गांधी किसान न्याय योजना** – न्याय योजना के तहत किसानों को मिलने वाला बोनस अब कृषक उन्नत योजना के रूप में मिलेगा।

**कौशल्या समृद्धि योजना** – महिलाओं को रोजगार दिलाने की भूपेश की कौशल्या समृद्धि योजना की जगह साय सरकार महतारी वंदन योजना चलाएगी।

**मुख्यमंत्री बाल उदय योजना** – बाल संप्रेक्षण गृहों से बाहर जाने की आयु 18 से बढ़ाकर 21 करते हुए इनके पुनर्वास के लिए मुख्यमंत्री बाल उदय योजना शुरू की गई थी। इसके लिए एक करोड का प्रविधान किया गया था। इस बजट में प्रविधान नहीं है।

**बेरोजगारी भत्ता योजना** – भूपेश सरकार ने पिछले साल ही इस योजना की शुरुआत की थी। इसमें 2.50 लाख से कम आमदनी वाले परिवार के युवक को 2,500 हर महीने देने का प्रविधान किया गया था।

**स्वामी आत्मानंद योजना का स्वरूप भी बदलेगा** – स्वामी आत्मानंद स्कूल योजना के तहत चलने वाली स्कूलों से कलेक्टरों का अधिपत्य हटाकर इसे स्कूल शिक्षा विभाग के हवाले किया जाएगा।

**मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा अब कहलाएगी किसान वृक्ष मित्र योजना**– प्रदेश में भूपेश सरकार में चल रही मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना अब किसान वृक्ष मित्र योजना कहलाएगी। इसमें निजी भू-स्वामी, सरकारी और अर्द्ध सरकारी भूमि में तीन करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए 60 करोड़ का प्रविधान किया गया है।

**मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना** – इसके तहत जर्जर-जीर्ण हो चुके हुए स्कूल भवनों को संवारने के लिए योजना बनाई गई थी। हालांकि साय सरकार ने इस योजना का जिक्र किए बिना ही 57 शासकीय हाई स्कूलों और 39 शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूलों के भवनों का निर्माण करने के लिए 100 करोड़ का प्रविधान किया है।

**मुख्यमंत्री विरासत झरोखा योजना**–भूपेश सरकार ने संग्रहालय में रखी गई प्रतिमाओं और इतिहास से संबंधित विरासत के लिए यह योजना शुरू की थी।

**गृह निर्माण ऋण योजना** – पत्रकारों के लिए निजी आवास निर्माण में सहयोग करने को सरकार ने यह योजना की शुरूआत की थी। इसमें 25 लाख रुपये तक के आवास ऋण पर ब्याज अनुदान और इसके लिए 50 लाख रुपये का प्राविधान किया गया था।

**महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना**– शहरी क्षेत्र में औद्योगिक पार्क बनाने की योजना के लिए बजट में प्रविधान नहीं है।

## त्रिदिवसीय श्रीकृष्ण भक्तिवर्धन महोत्सव कल से रायपुर में



रायपुर (दावा)। सदर बाजार स्थित श्री गोपाल मंदिर में कल 13 फरवरी से 15 फरवरी तक सायं 6 बजे से 8 बजे तक त्रिदिवसीय श्रीकृष्ण भक्तिवर्धन महोत्सव का आयोजन श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट कमेटी द्वारा किया गया है।

जिसमें अखंड भूमंडलाचार्य जगदगुरु श्रीमद वल्लभाचार्य महाप्रभु के 16वीं पीढ़ी के वंशज एवं देश-विदेश में अपनी ज्ञान, विज्ञान एवं प्रज्ञान पर आधारित वचनामृत से सनातन वैदिक धर्म पर मार्गदर्शन करने वाले तथा विलक्षणता के धनी अनंत विभुषित जगदगुरू श्रीमद वल्लभाचार्य महाप्रभु प्रवर्तित पुष्टि संप्रदायाचार्य व वाकपती पीठाधीश्वर पूजपाद गोस्वामी 108 श्री मथुरेश्वर महाराज (सूरत वडोदरा) के जेष्ठ बेटी पूज्यपाद गोस्वामी 108 श्री प्रीति राजा बेटी (सूरत वडोदरा) के मुखारविंद से पुष्टिमार्ग के पांच तत्व (श्री कृष्ण के स्वरूप श्रीनाथ, श्री ब्रजभूमि, श्री यमुनाजी, श्री गिरिराज, श्री वल्लभ कुल) इस विषय पर हृदय स्पर्शी एवं हृदय में आनंद की अनुभूति प्रदान करने वाले वचनामृत का लाभ का सौभाग्य धर्मप्रेमी जनों को प्राप्त होगा। इस आयोजन का भरपूर लाभ लेने का अनुरोध श्री गोपाल मंदिर ट्रस्ट कमेटी सदर बाजार रायपुर द्वारा किया गया।




## गैंदाटोला पुलिस को बुचड़ खाना ले जाते 29 नग मवेशी व टाटा 1109 ट्रक को पकड़ने में मिली सफलता

- आरोपी वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को छोड़कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर हो गया फरार
- फरार आरोपी तथा अन्य संलिप्त व्यक्तियों के पता तलाश में जुटी गैंदाटोला पुलिस



छुरिया (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया के मार्गदर्शन, थाना प्रभारी डोंगरगांव निरिक्षक उपेन्द्र शाह की सूचना एवं थाना प्रभारी निरीक्षक रमेश पटेल के नेतृत्व में रात्रि में डोंगरगांव थाना क्षेत्र की ओर से थाना गैंदाटोला क्षेत्र होते महाराष्ट्र सीमा पार करने जा रही टाटा ट्रक क्रमांक में एमएच-40/बीजी 9498 को थाना गैंदाटोला व डोंगरगांव स्टॉफ के द्वारा हिक्मत अमली से ग्राम छुरियाडोंगरी के पास रोका गया, जो वाहन चालक मवेशी भरे वाहन को रोड में खड़ा कर मौके पर छोड़कर रात्रि के अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। वाहन ट्रक को देखने पर वाहन मे 29 नग मवेशी को ठूस ठूस कर भरकर, क्रूरता पूर्वक बिना चारा पानी दिये महाराष्ट्र की ओर बुचड़ खाना ले जाते पकड़ा गया। 29 नग मवेशी एवं 01 वाहन जिसकी कीमती 329000 रूपए को जप्त कर, थाना गैंदाटोला के द्वारा फरार आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध धारा 4, 6,10 छ.ग. कृ. प.परि.अधि, 11पशु क्रूरता अधि. का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

फरार आरोपी तथा पशु तस्करी के अपराध में सलिप्त अन्य व्यक्तियों का पता तलाश किया जाकर विधिवत गिरफ्तारी कार्यवाही की जायेगी ।

## लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा की तैयारियाँ तेज

### संवाद एवं संपर्क से पार्टी का जनाधार बढ़ाये-राजेश मूणत



राजनांदगांव (दावा)। भारतीय जनता पार्टी का लोकसभा स्तरीय प्रबंधन समिति की बैठक जिला भाजपा कार्यालय में संपन्न हुई, जिसमें पूरे लोकसभा क्षेत्र के चारों जिलों कबीरधाम, खैरागढ़, राजनांदगांव व मोहला-मानपुर क्षेत्र में चुनाव प्रबंधन समिति के कार्यकर्ता उपस्थित थे। बैठक में आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर अब तक की गई तैयारियों की समीक्षा की गई तथा आगामी दिनों में किये जाने वाले कार्यो की जानकारी लेकर उन्हें पुख्ता करने की समझाईश दी गई।

भाजपा मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार बैठक का मार्गदर्शन करते हुये कलस्टर प्रभारी विधायक राजेश मूणत ने कहा कि लोकसभा चुनाव में पार्टी का लक्ष्य 51 प्रतिशत से अधिक मत प्राप्त करने का है, जिसे देखते हुये कम से कम हमें अपने क्षेत्र में 10 प्रतिशत से अधिक मतों की बढ़ोत्तरी करनी होगी। इसके लिये यह आवश्यक है कि पार्टी के कार्यकर्ता ग्रास रूट स्तर पर जाकर संवाद व संपर्क स्थापित करे जिससे पार्टी का जनाधर और बढ़े। उन्होनें कहा कि पिछले 10 वर्षो में मोदी सरकार ने देश के विकास के लिये ऐतिहासिक कार्य किया है, भारत आत्मनिर्भर हो रहा है, हम विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर हो रहे है। देश में मोदी जी के शासन में पहली बार हुआ जब गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोग मध्यम श्रेणी के हो रहे है। आने वाले समय में देशहित में अनेक बड़े फैसले लिये जाने है, इसलिये यह आवश्यक है कि हम सब मिलकर मोदी जी की देश विकास की नीतियों को निचले स्तर तक ले जायें तथा केन्द्र सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। बैठक को लोकसभा प्रभारी नारायण चंदेल व क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने भी संबोधित किया। बैठक में 29 फरवरी के पूर्व विधानसभा स्तरीय चुनाव कार्यालय प्रारंभ करने की रणनीति बनी जिसके तहत 24 फरवरी को दोपहर 02 बजे पंडरिया विधानसभा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन इसी दिन दोपहर 12 बजे कवर्धा विधानसभा का चुनाव कार्यालय उद्घाटन की योजना बनी। इसी प्रकार 24 फरवरी को ही सुबह 11 बजे मोहला मानपुर विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन तथा खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन दोपहर 02 बजे कुमर्दा में तय किया गया है।

जानकारी के अनुसार 25 फरवरी को चार विधानसभा क्षेत्रों के कार्यालय का उद्घाटन तय किया गया है, जिसमें सुबह 11 बजे डोंगरगढ़ व डोंगरगांव तथा दोपहर 2 बजे खैरागढ़ तथा दोपहर 3 बजे राजनांदगांव चुनाव कार्यालयों का उद्घाटन होगा। बैठक का संचालन दिनेश गांधी व आभार प्रदर्शन नीलू शर्मा ने किया। इस दौरान पूर्व सांसद मधुसूदन यादव, अशोक शर्मा, खूबचंद पारख, प्रदीप गॉधी, भरत वर्मा, सुरेश एच.लाल, रामजी भारती, दिनेश गांधी, जिला भाजपा के महामंत्री रविन्द्र वैष्णव, शशिकांत द्विवेदी, अशोक साहू, मदन साहू, घम्मन साहू, सियाराम साहू, संतोष अग्रवाल, सचिन बघेल, कोमल जंघेल, अनिल ठाकुर, कोमल सिंह राजपूत, गीता घासी साहू, दिलीप वर्मा व नम्रता सिंह, आभा तिवारी, रघुवीर वाधवा सहित अन्य अनेक नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## नालंदा परिसर के निर्माण से राजनांदगांव के छात्रों को परीक्षा की तैयारी में मिलेगा लाभ - अभिषेक सिंह



राजनांदगांव (दावा)। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आज मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का विशेष रूप से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नालंदा परिसर की तरह राजनांदगांव में भी ऑक्सी रीडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा, जिससे यूपीएससी, पीएससी परीक्षा की तैयारी कर रहे एवं अन्य प्रतियोगिकी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को उच्च स्तर की पढ़ाई में बहुत मदद मिलेगी।

मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार आज सुशासन दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर नालंदा परिसर में भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेई की कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर बनी प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए इसकी घोषणा की। राजनांदगांव में भी नालंदा परिसर की तरह रीडिंग जोन का निर्माण किया जाएगा। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने कहा कि राजनांदगांव संस्कारधारी नगरी है और यहां के छात्रों को नालंदा परिसर के निर्माण से पढ़ाई में सुविधा मिलेगी और उनका रिजल्ट बेहतर होगा, साथ ही पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जोर देकर कहा कि राजनांदगांव के साथ विगत 5 वर्षों में भूपेश सरकार ने जो उपेक्षा की थी, उसकी भरपाई करते हुए राजनांदगांव को पुनः ऊंचाईयों की ओर ले जाने हेतु वह हर संभव प्रयास करते रहेंगे।

## ट्रेन स्टॉपेज देने में डोंगरगढ़ की राजनैतिक उपेक्षा

### सांसद से पर्याप्त ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की गई

डोंगरगढ़ (दावा)। मुंबई-हावड़ा मुख्य रेल मार्ग पर स्थित डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर राजनीतिक दलों के नेताओं व जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों से क्षेत्र के गणमान्य जनों द्वारा समय-समय पर संतुष्टि जनक अपेक्षाएं की जाती रही है।

किंतु ट्रेनों के स्टॉपेज के मामले में न केवल रेलवे बल्कि राजनीतिक दलों के जिम्मेदार जन प्रतिनिधियों द्वारा भी डोंगरगढ़ की सदैव उपेक्षा की जाती रही है। देखा जाए तो वर्तमान में रेलवे द्वारा डोंगरगढ़ स्टेशन को सर्व सुविधा युक्त बनाने के लिए करोड़ों रुपए के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। किंतु पर्याप्त संख्या में ट्रेनों का स्टॉपेज डोंगरगढ़ में नहीं दिया गया है।

### ट्रेनों के स्टॉपेज के मामले में डोंगरगढ़ को नहीं मिला महत्व - के.के. वर्मा

भारत के मानचित्र में पर्यटन क्षेत्र के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले धर्मनगरी डोंगरगढ़ के लिए केंद्र सरकार द्वारा करोड़ों रुपए की राशि प्रसाद योजना के तहत स्वीकृत की गई है। मां बम्लेश्वरी सहित अन्य धार्मिक स्थलों में आने वाले पर्यटकों की संख्या में उत्तरोत्तर वृद्धि की पर्याप्त संभावनाओं को ध्यान में रखकर रेलवे स्टेशन को भी सर्व सुविधायुक्त रेलवे स्टेशन बनाया जा रहा है।



किंतु ट्रेनों के स्टॉपेज के मामले में डोंगरगढ़ रेलवे स्टेशन को पर्याप्त महत्व नहीं दिया जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्र वासियों सहित डोंगरगढ़ में आने वाले पर्यटकों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उभरते हुए पर्यटन केंद्र की अपेक्षा से आहत होकर डोंगरगढ़ के वरिष्ठ नागरिक के के वर्मा ने नेताओं द्वारा किए जा रहे प्रयासों को लेकर जानकारी प्रदान करते हुए जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों से पर्याप्त ट्रेनों के स्टॉपेज की मांग की गई है। श्री वर्मा ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह द्वारा अपने कार्यकाल में राजनांदगांव में 4 ट्रेनों (ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस, पुरी शिरडी एक्सप्रेस, हटिया पुणे एक्सप्रेस एवं इन्दौर पुरी हमसफर एक्सप्रेस) का स्टॉपेज दिलाया गया, जबकि डोंगरगढ़ को मात्र एक ट्रेन हावड़ा पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस का स्टॉपेज प्राप्त हुआ। वर्तमान में सांसद संतोष पाण्डेय द्वारा राजनांदगांव में 4 ट्रेनों (रायपुर सिकंदराबाद एक्सप्रेस, रक्सौल हैदराबाद एक्सप्रेस, दरभंगा सिकंराबाद एक्सप्रेस और बिलासपुर नागपुर वंदे भारत एक्सप्रेस) का स्टॉपेज प्राप्त हुआ। किंतु डोंगरगढ़ पूर्णरूपेण खाली हाथ रहा। अभी भी डोंगरगढ़वासियों को उम्मीद है कि सांसद संतोष पांडे अपने शेष कार्यकाल के दौरान डोंगरगढ़ को कुछ ट्रेनों का स्टॉपेज अवश्य दिलवाएंगे।







## हिंदू शौर्य यात्रा निकालकर मनाया जाएगा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती

### पोस्टर विमोचन कर छत्रपति शिवाजी जन्म उत्सव 2024 की रूपरेखा तय की गई



राजनांदगांव (दावा)। छत्रपति शिवाजी धर्मरक्षक समिति द्वारा आयोजित शिवाजी जन्म उत्सव 19 फरवरी को संस्कारधानी में हर्षोल्लास से 'हिन्दू शौर्य यात्रा' के रूप में मनाने का निर्णय विभिन्न हिंदू संगठन, समिति एवं समाज के सहभागिता से लिया गया, 19 फरवरी को छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती, शिवाजी जन्मोत्सव 2024 दोपहर 2 बजे से महावीर चौक से शोभा यात्रा निकाल कर मनाया जायेगा।

इसी क्रम में छत्रपति शिवाजी जन्मोत्सव 2024 का पोस्टर विमोचन दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में किया गया, समिति द्वारा बताया गया कि यह छत्रपती शिवाजी जन्मउत्सव का शानदार 4था वर्ष है, प्रथम 2 वर्ष में भव्य शोभायात्रा निकालकर शहर में छत्रपति शिवाजी महाराज के मूर्ति की मांग की गई थी और तृतीय वर्ष समिति की मांग पर छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति स्थापित होने के पश्चात राजतिलक एवं आरती कर स्थल कार्यक्रम कर मनाया गया था और इस वर्ष एक बार पुनः राजनांदगांव जिलेवासियों के बीच शिवाजी जन्मोत्सव में हिंदू शौर्य यात्रा निकालकर धार्मिक जागरूकता एवं सनातन धर्म की रक्षा करने वाले,अखंड भारत की नींव रखने वाले छत्रपति शिवाजी महाराज जो की समस्त हिंदू भाई बन्धु के लिए शौर्य का प्रतीक है उनकी शोभायात्रा रखकर एक धार्मिक वातावरण उत्पन्न करने की मंशा के साथ समस्त जिले वासियों को 19 फरवरी दोपहर 2 बजे महावीर चौक में एकत्रित होने की अपील की है।

पोस्ट विमोचन के दौरान मुख्यता विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री, धर्म जागरण समिति के प्रान्तीय संयोजक संजय शर्मा, सिंघोला महाकाल मंदिर प्रमुख राजू डागा, हिंदू युवा मंच के अध्यक्ष किशोर महेश्वरी, बजरंग दल से अंकित खंडेलवाल, राजू तंवर, राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी अध्यक्ष प्रवीण शर्मा, अनूप, मराठा समाज से युवा अध्यक्ष गणेश पवार, महाराष्ट्रीयन तेली समाज से युवा अध्यक्ष प्रकाश समरीत, कुर्मी समाज से मानव देशमुख, ब्राह्मण समाज से सौम्य शर्मा, कुन्बी समाज से जिला अंशुका बहेकर, मेघा हुनकरे, श्रीराम सेना अध्यक्ष अभिषेक गिरपुंजे मुस्कान इसके अलावा अन्य हिंदू धर्म संगठन से अंकित शर्मा, अमित खंडेलवाल विनायक गुप्ता, अभिषेक संकरे, तनय शर्मा, पुष्कर साहू, सोम्य शर्मा, प्रतीक अग्रवाल, भावेश, कृष, दिव्यांश आदि की उपस्थिति में किया गया।

## पीएससी परीक्षा में जिले के 7792 परीक्षार्थियों भाग लिया

### दिग्विजय कालेज में 500 प्रतियोगिता ने दिया परीक्षा



राजनांदगांव (दावा)। राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी को जिले के 19 केन्द्रों में पीएसपी परीक्षा का आयोजन किया गया। इस परीक्षा में 7 हजार 808 परीक्षार्थी में से चयनित होने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाने वाले थे किन्तु इस परीक्षा में कुल सात हजार सात सौ बियानबे परिक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

बता दे कि डिप्टी कलेक्टर के नायब तहसीलदार के 42 पर सहित 242 पदो के लिए यह परीक्षा आयोजित की गई थी। दो पाली में हुए इस परीक्षा में दिग्विजय कालेज में कुल 500 परीक्षार्थी बैठने वाले थे। पहली पाली में 121 परीक्षा अनुपस्थित रहे वही दूसरी पाली में 133 परीक्षार्थियों की अनुपस्थिति रही। पीएससी परीक्षा के सम्पादनार्थ नियुक्त नोडल अधिकारी डिप्टी कलेक्टर अमित श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार 11 फरवरी को आयोजित उक्त परीक्षा की पहली पारी 10 बजे 12 बजे और दोपहर का पाली तीन से पांच बजे तक रही। 19 केन्द्रों में आयोजित इस परीक्षा में प्रथम पाली में 5812 परीक्षार्थी उपस्थित रहे वही 1980 परीक्षार्थियों की अनुपस्थित रही। वही दूसरी पाली में 5747 परीक्षार्थियों की उपस्थिति रही वही 2045 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। उक्त परीक्षा शहर में दिग्विजय कालेज सहित कमला कालेज, शिवनाथ स्टेट स्कूल, सर्वेश्वर दास म्युनिस्पल स्कूल, ठा. प्यारेलाल स्कूल, वेसलियन, नीरज पब्लिक स्कूल, वाइडनर स्कूल, गुरूनानक, रायल किड्स, देवानंद जैन स्कूल, बल्देव प्रसाद स्कूल, लक्ष्मी बाई, बख्शी स्कूल आदि में परीक्षा आयोजित रही।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुदक्र दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com